www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 66 || लखनऊ
शनिवार
06 जून 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:12
सूर्यास्त: 06:58
अधिकतम: 38.00
न्यूनतम: 29.00



पेज 07

विशेष समाचार
तृणमूल कांग्रेस में टूट और ... >> पेज 04
पति-पत्नी को ट्रक ने रौंदा... >> पेज 06
ब्रेकअप के बाद सुसाइड के ख्याल ...

# भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया : ट्रम्प

## अब हम टैरिफ से खूब कमा रहे, फिर भी डील करेंगे क्योंकि मुझे मोदी पसंद

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### अमेरिका भारत पर 12.5% टैरिफ लगाने की तैयारी में

*समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5% अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो सकते हैं और निर्यातकों पर असर पड़ सकता है।*

### भारत-अमेरिका में ट्रेड डील का खाका तैयार

भारत-अमेरिका में फरवरी 2026 में एक अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बनी थी। इसका मकसद लंबे समय से अटके व्यापारिक मुद्दों को सुलझाना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ टैरिफ को अवैध बता दिया। इसके बाद साफ नहीं हो रहा था कि कौन से टैरिफ लागू रहेंगे, कौन से नहीं। इसका असर अमेरिका-भारत के व्यापार समझौते पर पड़ा।

### भारत-यूएस ट्रेड डील में मुश्किलें क्या हैं

भारत चाहता है कि अमेरिका भारतीय वस्त्र, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, इंजीनियरिंग सामान, दवाइयों और कृषि उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ कम करे। वहीं अमेरिका चाहता है।

**ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।**



# ऋतब्रत बनर्जी को नेता विपक्ष बनाना अवैध : टीएमसी

## स्पीकर के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे

**बैठक**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोलकाता। TMC में टूट के बाद ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पहली बार सीनियर नेताओं के साथ मीटिंग की। पार्टी ने विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष (LoP) बनाए जाने के फैसले को अवैध बताया है। TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि स्पीकर के फैसले के खिलाफ सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगें। बागी विधायकों को पहले अपने-अपने क्षेत्रों की जनता के बीच जाकर नया जनादेश लेना चाहिए। ममता बनर्जी के घर हुए मीटिंग में 8 विधायक और 6 सांसद पहुंचे। ममता के भतीजे अभीषेक बनर्जी पार्टी के महासचिव बने रहेंगे। वहीं, ममता बनर्जी अध्यक्ष बनी रहेंगी। 3 जून को TMC के 58 बागी विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना था। विधानसभा स्पीकर को समर्थन पत्र सौंपा था। स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष के रूप में मान्यता दे दी। इधर, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि TMC के 20 से 23 सांसद बागी खेमे और BJP के संपर्क में हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

# तमिलनाडु में भाजपा छोड़ते ही अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाई

## अगला चुनाव लड़ने का ऐलान, कहा- मतभेद थे, आलाकमान ने चुनाव तक रुकने को कहा था

तमसा संकेत, एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव हो जाने दें, फिर जाएं। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा से इस्तीफा दिया था। लेटर शुक्रवार को सामने आया। उन्होंने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा कि पिछले 18 महीनों से आलाकमान के साथ उनके मतभेद चल रहे हैं। अब उनके विचार एक जैसे नहीं रहे। इधर, तमिलनाडु बीजेपी के उपाध्यक्ष के नागराजन ने भी पार्टी से पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अन्नामलाई कर्नाटक कैडर के IPS अधिकारी रहे हैं। नौकरी छोड़कर 2020 में भाजपा से जुड़े। पार्टी ने पहले उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष और फिर अध्यक्ष बनाया। अन्नामलाई के रहते हुए बीजेपी ने 2021 और 2026 विधानसभा चुनाव लड़ा। दोनों ही चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 2% से ज्यादा नहीं बढ़ सका। मैं बीजेपी नेतृत्व का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझ जैसे युवा और अनुभवहीन व्यक्ति पर भरोसा करके बड़ी जिम्मेदारियां और नेतृत्व के पद सौंपे। राज्य की जनता कई दशकों से चली आ रही आम राजनीतिक चर्चाओं से ऊब चुकी थी और बदलाव चाहती थी।



## जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा, वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे

# जनता कांग्रेस से नाराज, इसीलिए कर्नाटक सीएम बदला : पीएम

तमसा संकेत, एजेंसी







सूरत। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा मोदी बोले- दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है।

आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा।



### पीएम दमन में 3000 के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे

सूरत में कार्यक्रम पूरा करने के बाद, प्रधानमंत्री दमन के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे 3000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दमन एयरपोर्ट का भी उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ ही दमन से मोदी लक्षद्वीप के लिए 885 करोड़ रुपए की बंदरगाह और टूरिज्म परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे।

सूरत में पीएम हाईवे के अलावा बड़े और छोटे पुल, रेलवे पुल, फ्लाईओवर और 70 अंडरपास का उद्घाटन किया। 4,732 करोड़ रुपए वाली NHAI की चार परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इनमें NH-56 के धामासिया से बिटाडा तक चार लेन निर्माण (पैकेज-4), नसरपोर से मलोथा तक चार लेन निर्माण (पैकेज-6), रिलायंस के पास छह लेन वाहन अंडरपास और NH-53 के सूरत-हजीरा सेक्शन पर कावास में VUP-कम-फ्लाईओवर शामिल हैं।

**आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कहीं। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। पीएम ने सूरत में लार्सन एंड टुब्रो के आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स भी पहुंचे।**

### पीएम मोदी के स्पीच की 4 बड़ी बातें

- बीते सालों में दुनिया ने कई बड़ी महामारियों का सामना किया है। पहले कोरोना और फिर अब दुनिया में तेल, पेट्रोल और गैस की सप्लाई में दिक्कत आ रही है। मुझे गर्व है कि भारत आज 140 करोड़ देशवासियों की मदद से इस चुनौती का सामना कर रहा है।
- 12 साल पहले देश में सोलर एनर्जी का प्रोर्डक्शन न के बराबर था, लेकिन आज हम दुनिया के टॉप 5 देशों में से एक हैं। हमने इथेनॉल ब्लेंडिंग की। गैस की पाइपलाइन बनाई, ताकि देश में एनर्जी की कोई भी समस्या सामने नहीं आए।
- गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के लिए सभी का अभिवादन। भाजपा की विजय की यात्रा चलती ही जा रही है। दुनिया के लोकतांत्रिक समाज में कम ही देखने को मिलता है कि किसी पार्टी को इतने समय तक जनता का समर्थन मिलता है।
- हमारी सरकार देश के विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए देश की जनता भाजपा को बार-बार वोट दे रही है। पिछले दिनों जब मैं 5 देशों की यात्रा पर था, वहा भी हर कोई बंगाल-बंगाल कर रहा था।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर का फ्लैट में शव मिला

## रात में चेहरे पर मास्क लगाए घर में घुसे दो लोगो, हत्या की आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के शिवाजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर देवोस्मिता पॉल (45) का शव गुरुवार को उनके फ्लैट में मिला। वह पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव स्थित फ्लैट में अकेली रहती थीं। जांच के दौरान उनके फ्लैट के बाहर का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में चेहरे पर मास्क लगाए और हाथों में बैग लिए, एक पुरुष और एक महिला प्रोफेसर के घर में घुसते हुए दिख रहे हैं। दोनों करीब 30 मिनट बाद वहां से बाहर निकले। अभी यह साफ नहीं हुआ है कि यह वीडियो हत्या से पहले का है या बाद का। उनकी बहन देवरति पॉल ने पुलिस को बताया कि सुबह से वह फोन नहीं उठा रही थीं। जब वह फ्लैट पर पहुंचीं तो दरवाजे पर बाहर से ताला लगा था। उन्होंने ताला तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो उनकी बहन मृत अवस्था में पड़ी थीं। सूचना मिलते ही पुलिस, क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पूरे फ्लैट की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और CCTV फुटेज की जांच कर रही है।

## फास्ट न्यूज

### 3 दिन पुरानी शिवकुमार कैबिनेट से मंत्री का इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक में 3 दिन पुरानी डीके शिवकुमार सरकार से मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। वे पंसदीदा मंत्रालय न मिलने से नाराज थे। मुख्यमंत्री शिवकुमार ने एक दिन पहले ही विभाग बांटे थे। रेड्डी बेंगलुरु विकास विभाग चाहते थे, लेकिन उन्हें जल संसाधन विभाग दे दिया गया था। रेड्डी ने मीडिया से कहा, 'मैं अब भी कांग्रेस में हूं, पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है।

### एमपी-यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश, राजस्थान में ओले

नई दिल्ली। देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70kmph की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए। पेड़ गिरने कई जगह गाड़ियां दब गईं। रास्ते घंटों जाम रहे। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे।

### राजस्थान-इबोला वायरस संदिग्ध के साथ आए पैसेंजर्स भी क्वारंटाइन

जयपुर। राजस्थान में इबोला वायरस का पहला संदिग्ध केस मिला है। युगांडा से जयपुर घूमने आई 19 साल की युवती में इबोला संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। युवती शुक्रवार (5 जून) सुबह एयर अरेबिया एयरलाइंस की फ्लाइट से शारजाह से जयपुर पहुंची। वो राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) में एडमिट है।

**कार्यक्रम :** समर्थकों ने बनाया 54 किलो का लड्डू, लिखा- हैप्पी बर्थडे योगीजी

# हमने नल लगवाए, कोई टोटी चोरी कर रहा : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में सीएम योगी ने कहा कि हमें पानी बचाने के लिए काम करना होगा। इसलिए हमने हर घर नल की योजना को बढ़ाया। पता चला कि कोई टोटी चोरी कर रहा है। कोई अन्य तरह से उसका नुकसान कर रहा है। खुला है तो खुला हुआ है। यह कहते हुए सीएम मुस्कुराने लगे। उन्होंने कहा- अगर कोई नल खुला छोड़कर जाए तो उसे टोकना चाहिए। समाज के लोगों का दायित्व है कि वे सरकारी संपत्तियों का नुकसान करने वालों को रोकें। योगी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सीएम योगी के 54वें जन्मदिन पर खून से लिखा बधाई संदेश

सीएम योगी के 54वें जन्मदिन पर महोबा में बुंदेली समाज के लोगों ने अपने खून से 54 बधाई संदेश लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आयोजन महोबा के आल्हा चौक स्थित आंबेडकर पार्क में हुआ, जहां सुबह से ही बुंदेली समाज के लोग एकत्र हुए। समाज के सदस्यों ने पारंपरिक तरीके के बजाय अपने रक्त से बधाई संदेश लिखकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया।

### सीएम योगी ने 5 संकल्प बताए, टोटी चोरी पर तंज कसा

- हर नागरिक एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए।
- उस पेड़ की रक्षा भी करनी है। हर तरह से उसे बचाना है। पेड़-पौधों को शरारती तत्वों से बचाना है, जीव-जंतुओं से भी बचाना है।
- जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है। हमने हर घर नल की योजना को आगे बढ़ाया। पता चला कोई टोटी ही चोरी कर रहा है। नल खुला है तो खुला है। कोई टोटी खोल करके जा रहा है तो उसे टोकना है।
- सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह रोकें। उससे भी जो नुकसान होते हैं, उसे पर्यावरण के साथ सहना पड़ेगा।
- प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनाना। जीरो नेट के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जहां सबसे कम कार्बन उत्सर्जन हो, वह काम करना है।




**सीएम योगी ने कुकरैल में कपूर का पौधा रोपकर महर्षि चरक औषधि वन की स्थापना की। यहां 200 से ज्यादा पौधे लगाए गए।**

# इंदौर में शोरूम में आग, बिल्डिंग में 20 लोग फंसे

## पड़ोसियों ने छत से सीढ़ियां जोड़कर रास्ता बनाया

- सीढ़ी और रस्सियों के सहारे अपार्टमेंट में फंसे लोग बाजू में बनी इमारत तक सुरक्षित पहुंच गए।
- बिल्डिंग के पड़ोस में बनी दूसरी मल्टीस्टोरी इमारत से सीढ़ी टिकाई गई।

तमसा संकेत, एजेंसी



इंदौर। इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम में आग लग गई। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले 6 परिवारों के 20 लोग फंस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पड़ोसियों की मदद से सीढ़ियों और रस्सियों के सहारे उनको बाहर निकाला। हादसा लसूड़िया इलाके में खालसा चौक के पास शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे हुआ। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को इसकी वजह माना जा रहा है। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर बने फ्लैट्स में लोग सो रहे थे। धुआं भरने पर सांस लेने में तकलीफ हुई तो उनकी नींद खुली। उन्होंने नीचे देखा तो शोरूम से लपटें उठ रही थीं। इसी के बगल में सीढ़ियां बनी हैं, जिनके लपटों में घिर जाने के कारण ऊपर की मंजिलों से लोग नीचे नहीं सके।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 150 पुलिस वालों ने बस्ती घेरी, ड्रोन उड़ाकर 75 घरों में 5 घंटे तलाशी, 10 संदिग्ध उठाए

# ड्रग सप्लायर की तलाश में रेड

**छापेमारी**

■ छापेमारी के दौरान बस्ती की ड्रोन से की गई निगरानी।

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में ड्रग्स सप्लायर की तलाश में कंजड़नपुरवा में शुक्रवार तड़के पुलिस की रेड पड़ी। कंजड़नपुरवा में सुबह 4 बजे पांच थानों में तैनात 150 पुलिसकर्मी हर एंट्री-एग्जिट प्वाइंट से बस्ती में घुसे तो इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर बस्ती के एक-एक घर की निगरानी की। करीब 75 संदिग्ध घरों में तलाशी अभियान चलाया।

छापेमारी की भनक लगते ही, कई सप्लायर्स घरों में ताला बंद कर फरार हो गए। तकरीबन 5 घंटे चली छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो घरों से 10 किलो मादक पदार्थ बरामद कर 10 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को लाउड स्पीकर से चेतावनी दी कि अगर ड्रग सप्लाई की गई तो बहुत बुरे अंजाम भुगतने पड़ेंगे, जीवन सलाखों के पीछे ही कटेगा।

50 दरोगा, 80 पुरुष कांस्टेबल, 24 महिला कांस्टेबल समेत 150 पुलिसकर्मियों की अलग–अलग टीमें अलग-अलग रास्तों से बस्ती में घुसी तो इलाके में हड़कंप मच गया।



■ कानपुर में ड्रग्स सप्लायर्स की तलाश में कंजड़न पुरवा में छापेमारी करती पुलिस टीमें।

**पुलिस ने ड्रग सप्लायर्स के संभावित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। दबिश के दौरान पुलिस ने ड्रोन के जरिए पूरी बस्ती की निगरानी कर 75 संदिग्ध घरों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। भोर पहर हुई छापेमारी की कार्रवाई लोग छतों से झांक-झांक कर देखते नजर आए। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- छापेमारी का उद्देश्य ड्रग सप्लायर्स के सिंडिकेट को तोड़ने का है।**



### जिला समन्वय समिति की बैठक में उठा था मुद्दा

गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों के साथ कानून व्यवस्था की स्थिति का भी प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जायजा लिया। इस दौरान शहर में मादक पदार्थों की बड़े पैमाने में खरीद–फरोख्त का मुद्दा भी हावी रहा था।

इसी के बाद पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ माने जाने वाले कंजड़न-पुरवा में डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बर्रा, किदवई नगर, गोविंद नगर, जूही, बाबूपुरवा की टीम ने कंजड़नपु-रवा में तड़के चार बजे छापेमारी की।

### दिल्ली अग्निकांड के बाद रायबरेली में होटलों की सघन चेकिंग

रायबरेली। दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद रायबरेली का अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित हादसों को रोकने और फायर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंटों में विशेष जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने प्रतिष्ठानों में स्थापित फायर सुरक्षा उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, आपातका-लीन निकास मार्ग, अलार्म सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। कई स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था में कमियां पाई गईं, जिन पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के साथ-साथ अग्निशमन विभाग ने होटल और रेस्टोरेंट कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी।

# बाराबंकी के मसौली में पानी को तरस रहे लोग

## बोरिंग होने के बाद भी घरों तक नहीं आया पानी

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना बाराबंकी की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मसौली में सफल नहीं हो पाई है। गांव में लगभग तीन साल पहले पानी की टंकी का निर्माण और बोरिंग का काम पूरा हो चुका था, लेकिन आज तक किसी भी घर में नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। ग्रामवासी महफूज आलम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अपने शिकायती पत्र में बताया है कि विकास खंड मसौली की ग्राम पंचायत मसौली में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की अधिकांश सड़कों को खोदा गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद न तो पानी की टंकी संचालित हुई और न ही घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिले के कई छोटे गांवों में बिना टंकी के ही सीधे जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत मसौली के निवासी आज भी सरकारी हैंडपंपों पर निर्भर हैं।





■ डीएम ने पत्र लिखकर शिकायत की है।

**फास्ट न्यूज**

### बच्चों संग सो रही महिला को सांप ने डसा

हरदोई। हरदोई के कछौना कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी गांव में शुक्रवार सुबह सांप के डसने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, गढ़ी गांव निवासी कुलदीप की पत्नी रूपा (25) शुक्रवार सुबह अपने बरामदे में बच्चों के साथ सो रही थीं, जबकि उनके पति दूसरे कमरे में थे। इसी दौरान एक जहरीला सांप बरामदे में घुस आया और उसने रूपा को डस लिया।

### पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी

उन्नाव। उन्नाव में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

### आम के बाग में युवक का शव मिला

उन्नाव। उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के बछौली गांव में शुक्रवार को एक युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बछौली गांव निवासी 22 वर्षीय अरविंद पुत्र हंसराज के रूप में हुई है।

# होटलों और रेस्टोरेंटों की जांच शुरू

## फायर सुरक्षा मानकों पर प्रशासन ने कसी कमर, टीम ने 15 दिन में जवाब मांगा

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। दिल्ली-नोएडा में हुई आग की घटनाओं के बाद उन्नाव प्रशासन जन सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर शहर में संचालित होटल, रेस्टोरेंट और बेसमेंट में चल रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को एक चार सदस्यीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर फायर सुरक्षा व्यवस्था, भवन मानकों और आपातकालीन निकास मार्गों की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण टीम का नेतृत्व उप जिलाधिकारी आनंद कुमार नायक और मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अनूप सिंह ने किया। अधिकारियों ने शहर के कई होटल और रेस्टोरेंटों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। कुछ प्रतिष्ठानों में आने-जाने के लिए केवल एक ही संकरा मार्ग मिला, जो आपात स्थिति में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संचालकों से आवश्यक अभिलेख और अनुमतियां प्रस्तुत करने को कहा गया है।



### नोटिस देकर 15 दिवस में जवाब मांगा

विशेष रूप से बेसमेंट में संचालित रेस्टोरेंटों और उन प्रतिष्ठानों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है। जांच के दौरान कई स्थानों पर फायर सेफ्टी उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई। उन्हें नोटिस देकर 15 दिवस में जवाब मांगा है।

### नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी

उप जिलाधिकारी आनंद कुमार नायक ने बताया कि जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा यह चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। टीम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के सभी होटल और रेस्टोरेंट आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जहां फायर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होंगे या भवन मानकों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है। प्रारंभिक निरीक्षण में तीन से चार प्रतिष्ठानों की जांच की गई है, जिनमें कुछ रेस्टोरेंट ग्राउंड फ्लोर के साथ-साथ प्रथम तल पर भी संचालित पाए गए। ऐसे प्रतिष्ठानों से फायर विभाग से संबंधित दस्तावेज, अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र और उन्नाव विकास प्राधिकरण (यूडीए) से स्वीकृत भवन नक्शे की प्रतियां मांगी गई हैं।

# उन्नाव में वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

## उन्नाव में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई। नवाबगंज स्थित वन विभाग परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।



जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा और शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जिले में लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों के साथ-साथ किसानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक विभाग और ग्राम पंचायत को लगाए गए पौधों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। आगामी वर्षा ऋतु में भी वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का भी उल्लेख किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान लोगों को भावनात्मक रूप से पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 8 बने केंद्र

## 200 मीटर तक फोटोकॉपी और इलेक्ट्रॉनिक दुकानें रहेंगी बंद

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को समय से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने और शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# भट्ठा संचालक समेत दो पर केस दर्ज

## हरदोई में भट्टे के पास गड्ढे में डूबने से हो गई थी बच्चे की मौत, खनन अधिकारी ने कराई एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित खम्हरवा गांव में ईंट भट्ठे के पास पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से एक 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि एक 9 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद प्रशासन और खनन विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की, जिसमें भट्ठा संचालक की लापरवाही सामने आने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही खनन अधिकारी शिवदयाल सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि ईंट भट्ठे के पास बने पानी से भरे खतरनाक गड्ढे के चारों ओर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। न तो वहां कटीले तारों की फेंसिंग थी और न ही किसी प्रकार की चेतावनी पट्टी या बोर्ड लगाया गया था। जांच रिपोर्ट में खनन अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रथम दृष्टया



यह हादसा ईंट भट्ठा संचालक की घोर लापरवाही का परिणाम है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि गड्ढे के चारों ओर सुरक्षा घेरा लगाया गया होता या लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी संकेत लगाए गए होते, तो इस दुखद घटना को रोका जा सकता था। बताया गया कि गाटा संख्या 546/2.4390 हेक्टेयर भूमि पर संचालित 'अल्पना ब्रिक फील्ड' का संचालन अल्पना गुप्ता पत्नी श्याम जी गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई।

### खेलते समय गहरे पानी में गिर गए दोनों बच्चे

जानकारी के अनुसार, खम्हरवा गांव स्थित 'अल्पना ब्रिक फील्ड' के पथेर क्षेत्र के पास बारिश का पानी जमा होने से एक गहरा गड्ढा बन गया था। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे आसपास खेल रहे दो बच्चे अचानक पैर फिसलने के कारण पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता, तब तक एक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

खनन अधिकारी की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने अल्पना ब्रिक फील्ड की संचालिका अल्पना गुप्ता तथा आकाश गुप्ता के खिलाफ लापरवाही के कारण मृत्यु कारित करने संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मासूम विशाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं गांव में भी शोक की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भट्ठा प्रबंधन ने सुरक्षा मानकों का पालन किया होता तो एक मासूम की जान बच सकती थी।

### मृतक शाहजहांपुर का, बच्ची की हालत गंभीर

हादसे में मृत बालक की पहचान शाहजहांपुर जिले के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गोटिया गांव निवासी अवधेश के 10 वर्षीय पुत्र विशाल के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल 9 वर्षीय मोहिनी स्थानीय निवासी मुरली की पुत्री है। बच्ची को पहले हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने गुरुवार दोपहर बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया।

### अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

बाराबंकी। बाराबंकी में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम खजूरगांव में बुलडोजर चलाकर अनधिकृत प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई, जिसमें कई गाटा संख्याओं पर विकसित अवैध प्लॉटिंग हटाई गई।

बाराबंकी में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम खजूरगांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने किया।

प्रशासन के अनुसार समर्थ इंफ्रा और गोल्डमार इंफ्रा नामक विकासकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में बिना आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियों के प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी।

# डंपर ने बाइक सवार को रौंदा

## युवक की मौत, गाड़ी लेकर ड्राइवर फरार, तलाश जारी

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली के मिल एरिया थाना क्षेत्र में देर रात एक अनियंत्रित डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पूरे ठकुराइन निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई है। वह अमावां चौराहे पर बेकरी और होटल का संचालन करते थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे दिलीप कुमार रायबरेली शहर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अनियंत्रित डंपर आगे जाकर दुसौती चौराहे के पास सामने से आ रहे एक



ट्रक से भी टकरा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सक ने बताया कि युवक को अस्पताल लाए जाने पर जांच के दौरान मृत पाया गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई। डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरार डंपर और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# रायबरेली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू

**मंत्री मनोज पांडे ने मां के नाम लगाया पेड़**

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। प्रधानमंत्री के आह्वान पर रायबरेली जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडे ने अपनी स्वर्गीय मां विद्या देवी के नाम पर एक पौधा रोपित कर इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश और देश के लोगों से भी अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। इस कार्यक्रम के तहत जिले भर में 8 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मनोज कुमार पांडे ने राही ब्लॉक के कटिहार गांव से की। यहां ग्राम सभा की 40 बीघा चारागाह भूमि को राजस्व विभाग ने वन विभाग को वृक्षारोपण के लिए सौंपा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मनोज



कुमार पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा, ₹मैंने अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाया है और मैं पूरे प्रदेश, देश और क्षेत्रवासियों से भी उम्मीद करता हूं कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएंगे और भविष्य में उसकी देखभाल करेंगे।₹

# कांग्रेस की जन आशीर्वाद बैठक

## ग्रामीणों की समस्याओं पर हुआ संवाद, समाधान का भरोसा दिया

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलामऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में पार्टी नेताओं ने जनता से सीधा संवाद कर स्थानीय मुद्दों के समाधान का भरोसा दिलाया। हरदोई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलामऊ में कांग्रेस पार्टी की ओर से जन आशीर्वाद बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस हरदोई के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इसके अलावा विक्रम पांडे, आशीष पाल तथा राधेश्याम तिवारी



सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, रोजगार और अन्य स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने इन समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस गांव, गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लगातार उठा रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और उन्हें संगठन के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रही है।

उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान को और तेज करने पर जोर दिया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मोहन सिंह ने कहा कि जन आशीर्वाद बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को सुनना और उन्हें समाधान के लिए उचित स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के अधिकारों की लड़ाई आगे भी जारी रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया गया।

# सम्पादकीय

## मूल से उखड़ती तृणमूल



तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में टूट के बाद उसके संसद सदस्यों में भी टूट की आशंका उभर आने पर आश्चर्य नहीं, क्योंकि जैसे पार्टी के अधिकांश विधायक ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य-व्यवहार से खफा थे, वैसे ही कई सांसद भी हैं। कुछ की तो नाराजगी भी सामने आ चुकी है। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि बागी विधायकों की ओर से विधानसभा में अपना नया नेता चुन लिए जाने पर तृणमूल कांग्रेस के अधिकतर सांसदों ने चुप्पी सी साध रखी है। तथ्य यह भी है कि बीते दिनों जब ममता भतीजे अभिषेक पर कथित गंभीर हमले के खिलाफ धरने पर बैठीं तो ज्यादातर विधायक और सांसद नदारद थे।

यदि ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक को जरूरत से ज्यादा अहमियत नहीं दी होती तो शायद पार्टी उनके हाथ से जाने की नौबत नहीं आती। उन्हें परिवारवाद को प्रश्रय देने के साथ ही अपने नेताओं के बेलगाम भ्रष्टाचार की भी कीमत चुकानी पड़ रही है। तृणमूल कांग्रेस में टूट शिव सेना और एनसीपी में टूट की याद दिलाने वाली है। इन दोनों दलों में टूट का एक कारण यह भी रहा कि जहां एनसीपी प्रमुख शरद पवार बेटी को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं शिव सेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे बेटे को। वैसे जहां शिवसेना और एनसीपी में टूट इसलिए हुई, क्योंकि बागी गुट सत्ता का साथ चाहता था, वहीं तृणमूल कांग्रेस में असंतुष्ट नेताओं के अलगाव का कारण सत्ता सुख पाना नहीं है। इस दृष्टि से तृणमूल कांग्रेस की टूट कुछ अलग भी है। साफ है कि असंतुष्ट नेताओं को पार्टी चलाने का ममता का तरीका और खासकर भतीजे को आगे बढ़ाना रास नहीं आया।

पुराने और अनुभवी नेताओं को कभी यह स्वीकार नहीं होता कि पार्टी प्रमुख अपने बेटे-बेटियों अथवा भाई-भतीजों को उन पर थोप दे। परिवारवादी दल कई बार अपने परिवार के ऐसे सदस्य को पार्टी पर थोप देते हैं, जो बिल्कुल अनुभवहीन होते हैं। उन राजनीतिक दलों में भी टूटन अधिक होती है, जिनकी कोई विचारधारा नहीं होती। तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा जानना उसी तरह कठिन है, जैसे पिछले दिनों टूट का शिकार हुई आम आदमी पार्टी की। लोक लुभावन नीतियों, जाति या समुदाय विशेष के तुष्टीकरण के सहारे किसी राजनीतिक दल को अधिक दिनों तक नहीं चलाया जा सकता। ऐसे दलों में सत्ता के लोभ में दूसरे दलों के नेता आ तो जाते हैं, लेकिन जैसे ही सत्ता जाती है, वे अपना अलग ठिकाना खोजने लगते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने भले ही अपना एक कैडर बना लिया हो, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि पार्टी के अधिकांश नेता दूसरे दलों से अपने स्वार्थों की पूर्ति करने के इरादे से आए थे। इनमें से अधिकतर वाम दलों से आए थे और शायद यही कारण रहा कि ममता ने वही तौर-तरीके अपना लिए, जो वामपंथियों ने अपना रखे थे।

# तृणमूल कांग्रेस में टूट और ममता की बढ़ती चिन्ताएं

> भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।



पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), जिसने पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की राजनीति पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर रखा था, आज आंतरिक असंतोष, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और जनविश्वास के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं और विधायकों की गतिविधियों ने यह संकेत दिया है कि संगठनात्मक एकता में दरारें उभर रही हैं। यह स्थिति केवल किसी एक राजनीतिक दल का संकट नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में राजनीतिक मूल्यों, जनभावनाओं और नेतृत्व की भूमिका पर पुनर्विचार का अवसर भी है। राजनीति में इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता रहा है कि जब भी सत्ता के साथ अहंकार जुड़ता है, जनता अंततः उसका उत्तर देती है। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। चाहे वह इंदिरा गांधी का आपातकाल हो, पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन या दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अंत या फिर उत्तर प्रदेश एवं बिहार की अनेक राजनीतिक घटनाएँ-हर जगह जनता ने यह संदेश दिया है कि सत्ता जनता की सेवा के लिए है, शासन के अहंकार के लिए नहीं।

ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी। जनता ने देखा कि जो दल कभी राजनीतिक शुचिता और नैतिकता की बात करता था, वह भी सत्ता के उसी मोह और व्यक्तिकेंद्रित राजनीति का शिकार होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध उसने संघर्ष प्रारम्भ किया था। परिणामस्वरूप दिल्ली की राजनीति में उसका प्रभाव कमजोर हुआ और जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में कोई भी नेता अथवा दल जनता से बड़ा नहीं होता। यह घटना इस सत्य को पुनः स्थापित करती है कि जनता लंबे समय तक अहंकार, अतिशयोक्ति और आत्ममुग्धता को स्वीकार नहीं करती।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र में विनम्रता, संवाद, जनभावनाओं का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ही स्थायी राजनीतिक सफलता की कुंजी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक दल की शक्ति उसके विचार, संगठन और कार्यकर्ताओं में होती है, न कि केवल एक नेता में। जब दल विचारधारा की बजाय व्यक्तिपूजा पर आधारित होने लगते हैं, तब उनका संकट निश्चित हो जाता है। भारतीय राजनीति में अनेक उदाहरण हैं जहाँ परिवारवाद ने दलों की जड़ों को कमजोर किया। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पीछे भी नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण रहे। बंगाल में भी इसी प्रकार की चर्चाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के सामने दूसरा बड़ा संकट उसकी सार्वजनिक छवि का है। शिक्षक भर्ती, नगर निकायों तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े विवादों ने जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास होता है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो रही है, तो राजनीतिक नुकसान होना स्वाभाविक है।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चल रही पहचान, नागरिकता, सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ से जुड़ी बहसों ने भी राजनीतिक वातावरण को प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने इन मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा का तर्क रहा है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी प्रकार की तुष्टिकरण की राजनीति अंततः समाज को विभाजित करती है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और सुशासन के मुद्दों पर केंद्रित किया। भाजपा की बंगाल यात्रा भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक अध्ययन का विषय है। कभी केवल दो सीटों तक सीमित रहने वाली पार्टी आज राज्य की सत्ता शक्ति बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे वर्षों का संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का निर्माण, राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने की रणनीति रही है। भाजपा ने बंगाल में यह संदेश देने का प्रयास किया कि वह केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि वैचारिक विकल्प भी है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि केवल राष्ट्रवाद या धार्मिक पहचान के आधार पर किसी दल की स्थायी सफलता सुनिश्चित नहीं होती। लोकतंत्र में जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा भी चाहती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए आवश्यक है कि वह राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्राथमिकता दे। राष्ट्र और राजनीति का संबंध अत्यंत गहरा है। कोई भी राजनीतिक दल तभी दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकता है जब वह राष्ट्रहित, संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

**- ललित गर्ग**

# अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस

पर्यावरण को संक्षिप्त में परिभाषित किया जा सकता है कि हमारे चारों तरफ का प्राकृतिक वातावरण जल, थल, नभ, वायुमंडल का आवरण आदि - आदि। यह सुविज्ञात है कि सभ्यता के विकास से ही विपरीत रूप में पर्यावरण प्रभावित हुआ है । वन संपदा सर्वाधिक मात्रा में प्रभावित हुई है । न जाने कितने अरसे से केवल यदा यदा नहीं हैं । वह जिससे सीधी बरसात व परिण्म स्वरूप नदियों का जल प्रवाह प्रभावित हुई है। यथा अति वृष्टि, अल्प वृष्टि तथा अति गर्मी अति शीत लहर आदि के रूप में हुई है । वह खनिज संपदा, वन संपदा व वन्य पशु संपदा भी जलवायु पर भी प्रत्यक्ष रूप में प्रभावित हुई है । ये सब एक दूसरे से अन्तर संबंधित हैं। इन सब पर सर्वांगीण रूप से चिन्तन जरूरी हैं । पेड़ पौधों आदि के साथ पर्यावरण की सुरक्षा से ही सुक्ष्म जीवों की रक्षा हो सकती हैं । पर्यावरण का हमारे आचरण पर बहुत प्रभाव पड़ता है । उदाहरण- अगर दर्पण पर लिखा है सीधे खड़े हों सत्य वदम् तो बार-बार देखते-देखते दर्पण हम स्वतः ही अपने मन को उस कथन के प्रति समर्पण कर देंगे । हमारा पर्यावरण भी चुपचाप हमारी आदतों का निर्माण करता रहता है। अतः हम अपनी डेस्क, दीवारों आदि को इस तरह सजाते रहें कि वो हर दिन हमें श्रेष्ठता से भरते रहें। तथाकथित आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने पर्यावरण को भी अंधाधुंध दूषित करने में अपने को झोंक सा दिया है। उसके दूरगामी परिणाम अब साक्षात दिखने लग गए हैं। ऐसा भी स्पष्ट हो रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब इस धरती का आखिरी पेड़ कट जाएगा और संसार की एक-एक नदी का पानी ज़हरीला हो जाएगा। तब हम समझ पाएंगे कि हम आधुनिकता के आधार पर जी नहीं सकते। दूषित पर्यावरण का जहर और पी नहीं सकते। तब यदि कोई पूछेगा कि जमाने में यहां तक आकर आगे कहां तक जाना है तो सम्भवतः हमारा जवाब में यही होगा पुनः उसी पुरानी सभ्यता में जाना है जहां सदा हेसते रहने का ही जमाना है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## भारत विश्व के ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# पर्यावरण और घरेलू अर्थव्यवस्था, दोनों के लिए साइकिल को बढ़ावा देने की आवश्यकता



आज का युग तीव्र गति, आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का युग है। मोटरसाइकिल, कार और अन्य मोटर चालित वाहन हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए भी लोग वाहनों का उपयोग करने लगे हैं। सुविधाओं के इस विस्तार ने जीवन को आसान अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ अनेक नई समस्याएं भी पैदा हुई हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण, ईंधन की बढ़ती खपत, विदेशी मुद्रा पर बढ़ता बोझ, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि और घरेलू बजट पर बढ़ता दबाव आज हमारे सामने गंभीर चुनौतियों के रूप में मौजूद हैं। इन समस्याओं का एक सरल, सस्ता, व्यावहारिक और प्रभावी समाधान साइकिल के व्यापक उपयोग में छिपा हुआ है।

साइकिल केवल एक साधारण परिवहन साधन नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत, स्वास्थ्य संवर्धन और राष्ट्रीय विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है। दुर्भाग्यवश आधुनिकता की चमक में साइकिल का महत्व धीरे-धीरे कम होता गया। जो साइकिल कभी आम नागरिकों की पहचान हुआ करती थी, वह आज कई लोगों के लिए केवल एक खेल या शौक की वस्तु बनकर रह गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि यदि साइकिल को पुनः दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए तो इससे व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र सभी को बहुआयामी लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

भारत विश्व के सबसे बड़े पेट्रोलियम आयातक देशों में से एक है। देश अपनी आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। इसके लिए हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो उसका सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल महंगे होते हैं, परिवहन लागत बढ़ती है और महंगाई पर दबाव बढ़ जाता है। यदि देश में छोटी दूरी की यात्राओं के लिए अधिक से अधिक लोग साइकिल का उपयोग करना शुरू कर दें तो पेट्रोल और डीजल की खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। भारत के शहरों में बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पाँच से दस किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। यह दूरी साइकिल से आसानी से तय की जा सकती है। यदि लाखों लोग प्रतिदिन मोटरसाइकिल या कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें तो प्रतिदिन लाखों लीटर ईंधन की बचत संभव है। इसका सीधा लाभ देश की विदेशी मुद्रा बचत के रूप में सामने आएगा। जो धन विदेशों से तेल खरीदने में खर्च होता है, उसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। साइकिल का दूसरा बड़ा लाभ घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। आज एक मध्यमवर्गीय परिवार के मासिक बजट का बड़ा हिस्सा पेट्रोल और वाहन रखरखाव पर खर्च होता है। पेट्रोल, सर्विसिंग, इंश्योरेंस, मरम्मत और अन्य खर्च मिलाकर यह राशि हजारों रुपये तक पहुंच जाती है। इसके विपरीत साइकिल का रखरखाव अत्यंत सस्ता है। इसमें न पेट्रोल की आवश्यकता होती है, न इंजन ऑयल की और न ही महंगे रखरखाव की। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन के छोटे-छोटे कार्यों के लिए साइकिल का उपयोग करता है तो वह वर्षभर में हजारों रुपये की बचत कर सकता है। यह बचत परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की आवश्यकताओं पर खर्च की जा सकती है।

साइकिल का सबसे बड़ा लाभ स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिखाई देता है। आज जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय रोग और तनाव जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। इन बीमारियों के उपचार पर परिवारों को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट व्यायाम है। इससे शरीर के लगभग सभी अंग सक्रिय रहते हैं। हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, वजन नियंत्रित रहता है और मानसिक तनाव कम होता है।

यदि समाज का बड़ा वर्ग नियमित रूप से साइकिल चलाने लगे तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। जब लोग स्वस्थ रहेंगे तो अस्पतालों, दवाइयों और चिकित्सा सेवाओं पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

## फर्जी फर्मों ...

जयेन्द्र सिंह

# आर्थिक, विकास और पारदर्शिता का नया मॉडल बनता उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश आज आर्थिक प्रगति, पारदर्शी प्रशासन और तकनीक आधारित सुशासन के जिस नए युग में प्रवेश कर चुका है, वह देश के लिए एक प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है। कभी धीमी आर्थिक गति और सीमित औद्योगिक विस्तार के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश अब देश की विकास यात्रा का सबसे मजबूत इंजन बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस प्रकार कर प्रशासन, राजस्व वृद्धि और व्यापारिक वातावरण में व्यापक परिवर्तन किए हैं, उसने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश द्वारा जीएसटी और वैट मद में 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करना प्रदेश की मजबूत आर्थिक संरचना और प्रभावी कर व्यवस्था का प्रमाण है। जीएसटी संग्रह के मामले में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश की बढ़ती आर्थिक गतिविधियों, विस्तारित व्यापारिक दायरे और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। महाराष्ट्र के बाद देश में उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान प्राप्त करना, यह प्रदर्शित करता है कि अब प्रदेश केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि आर्थिक क्षमता के आधार पर भी राष्ट्रीय परिदृश्य में अग्रणी बन चुका है।

उत्तर प्रदेश आज 21.82 लाख सक्रिय जीएसटी करदाताओं के साथ देश का सबसे बड़ा करदाता राज्य बन गया है। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि प्रदेश में व्यापार और उद्योग का वातावरण लगातार मजबूत हुआ है। छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए सरल और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित होने से नए व्यापारियों का दायरा तेजी से बढ़ा है। जीएसटी पंजीकरण की औसत अवधि प्रदेश में केवल 08 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है। इससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को केवल नीतिगत घोषणा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से लागू भी किया है। प्रदेश में कर प्रशासन को तकनीक आधारित और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डेटा आधारित निगरानी, एआई आधारित विश्लेषण और डिजिटल मॉड्यूल के प्रयोग ने कर व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाया है। 16 पैरामीटर पर आधारित विश्लेषण प्रणाली के माध्यम से लाखों वार्षिक रिटर्नों का परीक्षण किया जा रहा है। इससे टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और राजस्व वृद्धि को नई गति मिली है। वर्ष 2025-26 में 1.33 लाख डीलरों की स्क्रूटनी के दौरान 2,369 करोड़ रुपये की मांग सृजित होना और 345 करोड़ रुपये की वसूली होना यह दर्शाता है कि प्रदेश में तकनीक आधारित टैक्स प्रशासन बड़ी मजबूती से कार्य कर रहा है।

फर्जी फर्मों और बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट के विरुद्ध की गई कार्रवाई ने भी उत्तर प्रदेश को देश के सबसे सख्त और प्रभावी कर प्रशासन वाले राज्यों में शामिल किया है। 477 मामलों में एफआईआर दर्ज होना और 168 गिरफ्तारियां यह साबित करती हैं कि प्रदेश सरकार ईमानदार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जरा हटके

# गायत्री की चूड़ियों ने फ़िरोज़ाबाद में मज़बूत किये कई परिवारों के हाथ



उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के प्रति बढ़ता रुझान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक नया संबल बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियां वर्तमान समय में धरातल पर उतरकर जमीनी स्तर पर व्यापक सामाजिक और आर्थिक सुधार का माध्यम सिद्ध हो रही हैं। यह सरकारी नीतियां केवल कागजी दावों तक सीमित न रहकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की उन प्रतिभावान युवतियों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं, जो कभी संसाधनों के अभाव में अपने हुनर को प्रकट करने से कतराती थीं। आज उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदल चुका है और यहां की बेटियां अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सरकारी वित्तीय सहयोग के बल पर नए उद्यम स्थापित कर समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। यह व्यवस्था न केवल युवाओं के भीतर छिपी उद्यमशीलता की भावना को जगा रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को भी अभूतपूर्व ढंग से बढ़ा रही है। जब ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली एक सामान्य छात्रा एक सफल कारोबारी बनकर उभरती है, तो वह अपने साथ पूरे समाज की सोच में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आती है। इस बदलते परिवेश और सफलता की एक अद्भुत मिसाल सुहाग नगरी फिरोजाबाद के एक छोटे से गांव बरकतपुर की रहने वाली बाईस वर्षीय युवती गायत्री हैं, जिन्होंने अपनी उम्र की सीमाओं और पारंपरिक बंधनों को पीछे छोड़ते हुए सफलता की एक नई इबारत लिखी है। अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के ही एक प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त करने वाली गायत्री वर्तमान में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उनके मन में हमेशा से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने और खुद का कोई स्वतंत्र व्यवसाय शुरू करने की तीव्र इच्छा थी ताकि वे अपने परिवार के लिए एक संबल बन सकें। इस राह में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पूंजी के अभाव की थी, क्योंकि किसी भी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए लागत की आवश्यकता सबसे पहले होती है, वह उनके पास उपलब्ध नहीं थी। अब गायत्री अपने व्यवसाय की योजना को साकार करने के लिए सबसे पहले लागत की राशि के इंतजाम में जुट गईं। इसी संघर्ष के बीच उन्हें जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी नीति यानी 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (माई युवा योजना) के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना गायत्री जैसे शिक्षित और कुशल युवाओं के सपनों को उड़ान देने का एक बेहतरीन माध्यम बनी है। भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में युवाओं की एक बहुत बड़ी आबादी निवास करती है, और युवाओं की इस ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें रोजगार प्रदाता बनाने के लिए ही इस विशेष अभियान का सूत्रपात किया गया है। इस योजना की बारीकियों को समझने के बाद गायत्री को यह आभास हुआ कि उनके सपनों को पूरा करने का माध्यम यही सरकारी नीति बन सकती है। वर्तमान प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली का लाभ उठाते हुए गायत्री ने बिना किसी हिचकिचाहट के इस योजना के अंतर्गत अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन की तत्परता और जन-अनुकूल नीतियों के फलस्वरूप उन्हें बिना किसी अनुचित बाधा, सिफारिश या दलालों की मध्यस्थता के, सीधे बैंक से तीन लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण अत्यंत सुगमता से प्राप्त हो गया। योजना की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसके प्रथम चरण में नए उद्योगों या सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त और बिना किसी गारंटी के बैंकों के माध्यम से दिया जाता है, जिसके भुगतान के लिए शुरुआती छह महीने का मोराटोरियम यानी छूट की अवधि भी मिलती है। वित्तीय सहायता के साथ-साथ ब्याज की चिंता से मुक्ति देकर सरकार ने युवाओं के जोखिम को बहुत कम कर दिया है। बैंक से प्राप्त हुई इस शुरुआती तीन लाख रुपये की वित्तीय मदद ने गायत्री के सपनों को हकीकत की जमीन पर उतारने के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार कर दिया। ऋण की राशि हाथ में आते ही उन्होंने बिना समय गंवाए अपने पारंपरिक हुनर को व्यावसायिक रूप देने की योजना बनाई। चूंकि फिरोजाबाद पूरी दुनिया में अपनी सुंदर चूड़ियों और कांच के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए गायत्री ने इसी क्षेत्र में कदम बढ़ाने का निर्णय लिया और गायत्री बैंगल्स डेकोरेशन नाम से अपनी एक छोटी सी चूड़ी सजावट इकाई की स्थापना की। इस इकाई के माध्यम से उन्होंने साधारण कांच की चूड़ियों को आधुनिक और आकर्षक डिजाइनों में ढालने का काम शुरू किया, जिसकी बाजार में निरंतर भारी मांग बनी रहती है। गायत्री का यह छोटा सा प्रयास देखते ही देखते एक सफल व्यावसायिक मॉडल में परिवर्तित हो गया और उनकी इस छोटी सी विनिर्माण इकाई ने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के एक बड़े केंद्र का रूप ले लिया। आज उनकी इस आत्मनिर्भर इकाई में पंद्रह महिलाएं और पांच पुरुष पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं। गायत्री अब केवल एक साधारण उद्यमी या छात्रा मात्र नहीं रह गई हैं, बल्कि अपने पूरे इलाके में रोजगार देने वाली दीदी के गौरवशाली नाम से विख्यात हो चुकी हैं। उनके इस स्वावलंबन के सफर में उनके पिता संजय शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों ने भी हर मोड़ पर उनका उत्साहवर्धन किया और कारखाने के कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय समृद्धि के दृष्टिकोण से देखा जाए तो गायत्री आज इस व्यावसायिक इकाई के सफल संचालन से प्रतिमाह लगभग चालीस हजार रुपये की सम्मानजनक शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं।

## आग 12वें फ्लोर पर लगी थी, लोग बोले- फायर ब्रिगेड है या होली का फव्वारा

# नोएडा में 6वीं मंजिल तक ही पहुंचा दमकल का पानी

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी




नोएडा। नोएडा में एक हाईराइज बिल्डिंग सोसाइटी में शुक्रवार सुबह 7 बजे आग लग गई। सेक्टर-75 में IVY काउंटी सोसाइटी के 28 मंजिला बिल्डिंग के 12वें फ्लोर में आग लगी। तेज हवा के चलते आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते फ्लैट की खिड़कियों से ऊंची लपटें निकलने लगीं। आसमान में काले धुएं का गुबार फैल गया। सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। लोग सीढ़ियों से बाहर भागे। इस दौरान मची अफरा-तफरी में कई लोग घबरा गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। रेस्क्यू शुरू किया गया। शुरुआत में दमकल की जो गाड़ियां आईं, उनका पानी 6 फ्लोर तक ही पहुंच पाया। जबकि, आग 12वीं फ्लोर में लगी थी। कुछ देर बाद हाईड्रोलिक क्रेन मंगाई गई। इसके बाद फ्लैट में पानी डाला गया। राहत की बात यह रही कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी उपकरण लगे थे, इसकी मदद से करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एहतियात के तौर पर आसपास के टावर को भी खाली कराया गया। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड है या होली के फव्वारे हैं। 6-7 फ्लोर के ऊपर पानी तो पहुंच ही नहीं रहा। ये हमारे यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर है। ये बस नीचे घरों में गमलों को पानी दे रहे हैं। सब यूजलेस सिस्टम। इस बीच, नोएडा में आग लगने की एक और घटना हुई। सेक्टर-52 के 'ई-3 शताब्दी विहार' के पेइंग गेस्ट (PG) आवास में आग लग गई। यहां बहुमंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर रेस्टोरेंट है। ऊपरी मंजिलों पर छात्रों के लिए पीजी है।

### आग से दो फ्लैट जलकर राख

CFO प्रदीप कुमार ने बताया कि IVY काउंटी सोसाइटी के 28 मंजिला बिल्डिंग में 12वें फ्लोर के फ्लैट में लगी। आग फ्लैट नंबर 1204 शुरू हुई। देखते ही देखते 1203 को भी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड टीम ने हाइड्रोलिक क्रेन और बिल्डिंग में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों की वजह से आग पर काबू पाया।

### नोएडा की बहुमंजिला बिल्डिंग्स में आग बुझाने के लिए क्या तैयारी

नोएडा में ऊंची इमारतों और बहुमंजिला सोसाइटीज में आग बुझाने के लिए दमकल विभाग के पास हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर जैसी हाइड्रोलिक मशीनें उपलब्ध हैं। 30 से लेकर 42 मीटर तक की ये मशीनें 10 फ्लोर तक आग बुझा सकती है। वहीं, 72 ओर 102 मीटर की हाइड्रोलिक खरीदी जा रही है। जो अभी नहीं मिली हैं। नोएडा के सुपरनोवा सेक्टर-94 में सबसे ऊंची इमारत है। इसे 80 मंजिल का बनाया जाना है। अभी इसकी 60 मंजिल बनकर पूरी तरह से तैयार है। इसमें लोग रहते है। यहां भी सिर्फ 4 हाइड्रोलिक हैं जो 42 मीटर तक आग बुझा सकती है। हालांकि, अभी सुपरनोवा में एयर कंप्रेस्ड फोम सिस्टम का परीक्षण हुआ था। वो 300 मीटर तक आग बुझा सकता है। लेकिन अभी मौजूदा में नहीं है।

### नोएडा सेक्टर-52 में रेस्टोरेंट में फ्रीजर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

CFO प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-24 में सेक्टर-52, शताब्दी विहार के पास स्थित एक कॉम्प्लेक्स में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना प्राप्त होते ही फायर सर्विस यूनिट एवं स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य किया गया।

आग रेस्टोरेंट में लगे फ्रीजर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। फायर सर्विस यूनिट द्वारा टीम बनाकर 15 व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

आग पर काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है।





**फास्ट न्यूज**

### मानसून के पहले नाला सफाई पर नगर आयुक्त सख्त

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम मानसून के पहले शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम करवा रहा है। इन नालों की सफाई का काम अध्या ट्रेडर्स के पास है। लगातार स्थानीय लोग नालों की सफाई के न होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में नालों की सफाई की जमीनी हकीकत देखने निकले नगर आयुक्त ने सख्ती बरती है। नगर आयुक्त ने नाला सफाई का निरीक्षण भी किया।

### मां को भेजी आखिरी रिकॉर्डिंग से फंसा हत्यारोपी

कानपुर। कानपुर में बर्रा से लापता युवती का गला दबाकर हत्या करने के मामले में पुलिस के हाथ एक अहम सबूत लगा है। हत्या के दिन यानी 21 मई को हॉस्पिटल संचालक देवकांत उत्तम के भतीजे विवेक ने युवती को वॉट्सऐप कॉल कर बुलाया था।

दोनों के बीच 3 मिनट 12 सेकेंड तक बात हुई थी। बातचीत के दौरान विवेक ने 15 मिनट में पहुंचने की बात कहते हुए युवती को बरगला कर बर्रा बाइपास बुलाया था।

इसके बाद आरोपी उसे स्कॉर्पियो में बिठाकर ले गए थे। दोनों के बीच वॉट्सऐप कॉल पर हुई आखिरी बातचीत का ऑडियो युवती की मां ने पुलिस को सौंपा है।

### सड़क निर्माण न होने पर सभासद का प्रदर्शन

उन्नाव। उन्नाव के बांगरमऊ नगर पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण न होने से नाराज एक सभासद ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड की सड़क बनाने की मांग को लेकर सभासद हरिओम तिवारी अधिशासी अधिकारी (ईओ) गूंजन सिंह के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पहले हाथ जोड़कर गुहार लगाई और फिर दंडवत होकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## 7 दिन बाद इलाज के दौरान तोड़ा दम, घर से ड्यूटी का बहाना बनाकर निकला था

# प्रेमिका के घर के सामने आग लगाने वाले की मौत

- कक्षा - 9 में इस वर्ष गया था अमन राजभर। प्रेमिका से बात न होने पर उसके घर पहुंचा था।

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। वाराणसी में 29 मई की रात प्रेमिका के घर के सामने खुद को आग के हवाले करने वाले नाबालिग की एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान मौत हो गयी। किशोर चोलापुर के राजेपुर का रहने वाला है और उसने जंसा के हरसोस गांव में खुद को आग के हवाले किया था। जिससे वह 70 प्रतिशत से ज्यादा जल गया था। फिलहाल सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चारी में रखवा दिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं परिजन अब हत्या का आरोप लगा रहे हैं। अमन के तीन भाई हैं। इनमें अमन सबसे बड़ा है। वह 9वीं क्लास का छात्र था। पिता ने बताया कि अमन पढ़ने में होनहार था।

> घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा। हालांकि सभी एंगल को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। लड़के के बयान और बाकी तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।



इसी घर के सामने लगाई थी आग।



पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कबीरचौरा अस्पताल की मोर्चरी में रखा है।

### स्थानीय लोगों ने आग बुझाकर पुलिस को दी थी सूचना

मृतक अमन राजभार के पिता रामनिवास राजभर ने घटना के बारे बताया था कि - वो दिहाड़ी मजदूर हैं। बेटा घर से 29 मई को वेटर का काम करने का कहकर निकला था। कब वो हरसोस पहुंचा हमें जानकारी नहीं। वहां से रिश्तेदारी से फोन आया की ऐसा हुआ है। लोगों ने आग बुझाकर पुलिस को सूचना दी है। जिसके बाद हम यहां पहुंचे हैं।

### कई दिनों ने लड़की से नहीं हुई थी बात

कबीरचौरा अस्पताल में एडमिट किशोर ने बताया था कि - वह हरसोस में अपनी बुआ के घर के पास रहने वाली एक लड़की से प्रेम करता था। एक सप्ताह से उससे बात नहीं हुई थी। उसकी मम्मी उसे मोबाइल नहीं दे रही थी। ऐसे में मै उसके घर पहुंचा उससे मिलने के लिए फिर पेट्रोल छिड़क के आग लगा ली।

# पोनी रोड चौड़ीकरण को मिली रफ्तार

## नापजोख और लाइन शिफ्टिंग प्रक्रिया शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में लंबे समय से प्रतीक्षित पोनी रोड चौड़ीकरण परियोजना को अब गति मिल गई है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार से जमीनी स्तर पर कार्य शुरू किया जाएगा। पोनी रोड का शिलान्यास पहले ही हो चुका था, लेकिन स्थानीय विवाद और विरोध के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका था, जिससे क्षेत्रीय लोगों में असंतोष भी बढ़ रहा था। बैठक में तय किया गया कि पोनी रोड की कुल चौड़ाई आठ मीटर होगी। सड़क के बीच से दोनों ओर चार-चार मीटर तक चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके



लिए प्रभावित निर्माणों का चिन्हांकन कार्य शुक्रवार से शुरू होगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एच.डी. अहरवार ने बताया कि पहले सर्वे और नापजोख किया जाएगा। जिन मकानों और दुकानों का हिस्सा सड़क की सीमा में आएगा, उनसे स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की जाएगी। यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री ने मांगी 3.46 करोड़ पौधों की सूची

### कानपुर देहात में लगाए गए पौधों की स्थिति खुद विधायक और मंत्री जांचेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर देहात। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कानपुर देहात में वन विभाग से 3 करोड़ 46 लाख पौधों की सूची मांगी है। उन्होंने चारों विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए इन पौधों की वास्तविक स्थिति की जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री राकेश सचान ने कार्यक्रम में मौजूद प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) से कहा कि पौधरोपण स्थलों की पूरी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि स्वयं इन पौधों का निरीक्षण करेंगे ताकि उनकी सुरक्षा और जीवित रहने की स्थिति का पता चल सके। सचान ने जोर देकर कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि लगाए गए पौधे कुछ समय बाद नष्ट हो जाते हैं, तो वृक्षारोपण अभियान का मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है। दरअसल, प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर पौधरोपण के आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन पौधों के जीवित रहने की दर पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। कानपुर देहात में भी पूर्व में वृक्षारोपण से जुड़े मामलों को लेकर विवाद सामने आ चुके हैं और कुछ मामलों की जांच भी चल रही है।

## औरैया में 10 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

औरैया। औरैया में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिलाधिकारी बृजेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर यह लिखित परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाएगी।

# खच्चर पर बैठकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## एआईसीसी सदस्य बोले- पहले महंगाई डायन थी, अब डार्लिंग लग रही

तमसा संकेत, एजेंसी

> कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत से पड़ोसी देशों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन देश के नागरिकों को ही महंगा ईंधन खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई तो कांग्रेस आने वाले दिनों में और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

कानपुर। बढ़ती महंगाई के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानपुर दक्षिण में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने खच्चर पर बैठकर और हाथों में पोस्टर लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर विरोध जताया। इसके साथ कहा कि पहले जो महंगाई डायन लगती थी, अब वो बीजेपी को डार्लिंग लगने लगी है। शहर के शास्त्री चौक पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। ढोलक और मंजीरे के साथ कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में नारे लगाए। इस दौरान पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में लिखे पोस्टर भी हाथों में लेकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पोस्टर लेकर खच्चर पर



बैठा भी दिखाई दिया। विकास अवस्थी ने कहा कि महंगाई के साथ-साथ छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से छात्रों में निराशा बढ़ रही है और उनकी मेहनत पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, एआईसीसी सदस्य विकास अवस्थी, जेपी पाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। खाद्य पदार्थों, ईंधन और घरेलू गैस की कीमतों में वृद्धि से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। नेताओं ने कहा कि सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

### पहले महंगाई डायन थी, अब डार्लिंग बन गई

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य विकास अवस्थी ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भाजपा नेता महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरते थे और महिला नेता गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करती थीं, लेकिन अब उन्हें महंगाई दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों के कारण आम और गरीब आदमी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कई परिवारों के लिए रसोई गैस सिलेंडर खरीदना मुश्किल हो गया है, जबकि पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने भी लोगों का बजट बिगाड़ दिया है।

कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने और जनता को राहत देने की मांग की।

**अतिक्रमण :** एसपी बोले- सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाएंगे

# मजार पर चला बुलडोजर, 70 पुलिसकर्मी तैनात

- सरकारी जमीन पर बने खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार का गेट।
- सरकारी जमीन पर खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार।

तमसा संकेत, एजेंसी



संभल। संभल में शुक्रवार को एक मजार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। प्रशासन का कहना है कि मजार सरकारी जमीन पर बनी थी। 4-5 साल पहले अवैध अतिक्रमण करके इसे बनाया गया था। वहीं, मजार के मुतव्वली अजीज ने दावा किया कि पीर बाबा की ये मजार 500-600 साल पुरानी है। शुक्रवार सुबह प्रशासन की टीम 2 बुलडोजर लेकर पहुंची। एक घंटे में मजार को ढहा दिया। इस दौरान एसपी केके बिश्नोई और डीएम अंकित खंडेलवाल भी मौके पर पहुंचे। मजार जिला मुख्यालय से 29 किमी दूर गुन्नौर थाना इलाके में बाघऊ गांव में महावा नदी के कैचमेंट एरिया में बनी हुई थी। तहसील कोर्ट ने मजार को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद मजार के मुतव्वली डीएम कोर्ट गए। वहां भी अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। इस दौरान गुन्नौर पुलिस और पीएसी के 70 जवान तैनात रहे। बाघऊ गांव में 'खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार' नाम का धार्मिक निर्माण था। लेखपाल की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, गाटा संख्या 592 की भूमि में से 24 वर्गमीटर क्षेत्र पर अजीज पुत्र अल्लन, निवासी बाघऊ का अवैध कब्जा पाया गया। ग्राम सभा बाघऊ की ओर से अजीज के खिलाफ यूपी राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत 18 अप्रैल 2026 को वाद दायर किया गया। जांच में सामने आया कि लगभग 5 साल पहले 'ज्यारत' के नाम पर कब्जा कर निर्माण कराया गया। सुनवाई के बाद तहसीलदार न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने, 39 हजार रुपए हर्जाना और 300 रुपए निष्पादन शुल्क जमा करने का आदेश दिया। अजीज ने जिलाधिकारी कोर्ट में आदेश को चुनौती दी। 3 जून 2026 को कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। इसके बाद प्रशासन ने अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया तेज की। तहसीलदार रवि सोनकर ने विशेष टीम गठित की। नायब तहसीलदार अनुज कुमार को टीम प्रभारी बनाया। राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सुरक्षा के लिए थाना बबराला, गुन्नौर पुलिस और पीएसी के जवानों सहित 70 पुलिसकर्मी तैनात किए गए।




> एसपी केके विश्नोई ने कहा- एक धार्मिक इमारत थी, जिसे गिराया गया। संभल में सरकारी जमीन को अवैध निर्माण और अतिक्रमण से मुक्त कराके लैंड बैंक बनाया जा रहा है। अभी तक 100 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन को मुक्त कराया गया है।

# शादी के 37वें दिन कमलेश बिंद एनकाउंटर में ढेर

### गाजीपुर में पत्नी बोली- मेहंदी भी नहीं छूटी, जंगल ले जाकर पुलिस ने गोली मारी

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजीपुर। गाजीपुर में बुधवार रात होटल कारोबारी विनीत राय की हत्या के आरोपी कमलेश बिंद को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। उसकी 37 दिन पहले शादी हुई थी। बिहार के मोहनिया से दुल्हन मनीषा को बड़े धूमधाम से विदा कराकर घर लाया था। मनीषा नर्सिंग की छात्रा है। मनीषा को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। संवाददाता से मनीषा ने कहा, मेरे पति निर्दोष थे। पुलिस उन्हें रामपुर से जबरन उठाकर लाई थी। 30 मई को मुझे और मेरी प्रधान जेठानी को पुलिस ने थाने में बिठाए रखा। मेरी आंखों के सामने थाने में पुलिस ने मेरे पति को बुरी तरह पीटा। इसके बाद जंगल ले जाकर उनका एनकाउंटर कर दिया।



29 मई की रात गाजीपुर में 4 बदमाशों ने होटल कारोबारी आलोक राय के बेटे विनीत राय की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विनीत के पिता आलोक राय ने कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय, सोनू यादव, कमलेश बिंद और मोनू त्रिपाठी पर केस दर्ज कराया था। कमलेश पर एक लाख इनाम था। शंकर पर भी एक लाख और बाकी दो पर 50-50 हजार रुपए का इनाम है। तीनों फरार हैं। कमलेश बिंद गाजीपुर में गोड़ा, सोहिलापुर का रहने वाला था। 19 अप्रैल को गांव में तिलक चढ़ी थी। 8 दिन बाद 27 अप्रैल को शादी हुई थी। वह बिहार के मोहनिया बारात लेकर गया था। दुल्हन मनीषा नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। कमलेश की भाभी गोड़ा गांव की ग्राम प्रधान है। उसका बड़ा भाई संजय चौधरी है। कमलेश बिंद के बड़े भाई संजय कुमार बिंद ने बताया, मेरे भाई पर 29/30 मई की रात विनीत राय की हत्या का झूठा आरोप लगाकर नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी। जबकि जिस समय विनीत राय को मारा गया, उस समय कमलेश गांव में ही था। फर्जी एफआईआर के डर से कमलेश रामपुर चला गया था। 2 जून को मेरे भाई और गांव के दो लड़कों को पुलिस रामपुर से जबरन उठा लाई।

### 100 मीटर तक घिसटते रहे; 7 साल का बेटा गंभीर, बाइक से तरकुलहा देवी मंदिर जा रहे थे

# पति-पत्नी को ट्रक ने रौंदा

**मौत**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में तेज रफ्तार ट्रक (ट्रेलर) ने पति-पत्नी को रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक से पति-पत्नी अपने 7 साल के बच्चे के साथ तरकुलहा देवी मंदिर जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा जबकि पति-पत्नी करीब 100 मीटर तक घिसटते चले गए। बुरी तरह से कुचले जाने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद लोगों ने पीछा किया तो करीब एक किमी दूर जाकर ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा चौराहे के पास हुआ। मृतकों की पहचान देवरिया निवासी संतराज भारती (35) और उनकी पत्नी प्रेमशीला (32) के रूप में हुई है। संतराज पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। संतराज का पेंट-पॉलिश का काम करते थे। संतराज और प्रेमशीला के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी तन्नू 17 साल की, उसके बाद एक 13 साल का बेटा निगम है। सबसे छोटे बेटे संगम को अपने साथ लेकर आई थी। बताया जा रहा है कि परिवार के साथ प्रेमशीला गोरखपुर के झंगहा क्षेत्र में अपने मौसी के घर आई थी। शुक्रवार को वहीं से तरकुलहा देवी मंदिर के लिए निकले थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।



पुलिस ने सड़क पर मृत पड़े दंपती की डेडबॉडी को उठाकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया।

### 5 भाइयों में सबसे छोटे थे संतराज

संतराज पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। संतराज का पेंट-पॉलिश का काम करते थे। संतराज और प्रेमशीला के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी तन्नू 17 साल की, उसके बाद एक 13 साल का बेटा निगम है। सबसे छोटे बेटे संगम को अपने साथ लेकर आई थी।




एसपी उत्तरी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया- चौरीचौरा हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई है। बच्चे का इलाज एम्स में चल रहा है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश पुलिस टीम कर रही है।

### प्रेमशीला परिवार के साथ अपने मौसी के घर आई थी

*देवरिया के थाना तरकुलवा के कुरैना के रहने वाले संतराज भारती (35), प्रेमशीला (32) थे। शुक्रवार सुबह दोनों अपने बेटे संगम के साथ प्रेमशीला की मौसी के घर झंगहा गए थे। घर पर थोड़ी देर रहने के बाद दोनों परिवारों के लोगों ने तरकुलहा देवी के दर्शन का कार्यक्रम बनाया। फिर संतराज, पत्नी और बेटे के साथ अपनी बाइक से और उनकी मौसी अपने बेटे के साथ दूसरी बाइक से तरकुलहा के लिए निकले। संतराज बाइक से चौरीचौरा थानाक्षेत्र के भोपा चौराहा पर पहुंचे थे कि पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सहित संतराज और प्रेमशीला ट्रक में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटते चले गए। जबकि बेटा छिटकर दूर जा गिरा।*

*करीब 100 मीटर बाद दोनों ट्रक से अलग हुए लेकिन बुरी तरह कुचल जाने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, हादसा के बाद लोगों ने ट्रक ड्राइवर को दौड़ाया तो वह और तेजी से भागने लगा। करीब 1 किमी आगे जाकर वह ट्रक छोड़ा और फरार हो गया।*

*लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया जबकि घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया।*

# पुलिस ने 5 वर्षीय बिछड़े बच्चे को परिजनों से मिलाया

### सुरौली पुलिस ने 6 घंटे में की त्वरित कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

देवरिया। देवरिया जिले की सुरौली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक 5 वर्षीय बिछड़े बच्चे को छह घंटे के भीतर उसके परिजनों से सकुशल मिला दिया। इस मानवीय कार्रवाई के लिए परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। यह घटना शुक्रवार सुबह 10 बजे सामने आई, जब डायल 112 पर मुकेश यादव नामक व्यक्ति ने सूचना दी। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीपुर निवासी रामकरन यादव के पुत्र मुकेश यादव ने पुलिस को सूचित किया कि एक लगभग 4-5 वर्ष का बच्चा सड़क पर अकेला भटक रहा है और अपने परिवार से बिछड़ा हुआ लग रहा है। सूचना मिलते ही सुरौली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित अपनी निगरानी में लिया। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम अभिनव और पिता का नाम राहुल गौतम बताया। उसने यह भी



जानकारी दी कि वह रघवापुर, कसया रोड, थाना कोतवाली क्षेत्र का निवासी है और मलकौली में अपने रिश्तेदारों के यहां आया था, जहां वह बिछड़ गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे के परिजनों से संपर्क स्थापित किया। शुक्रवार को ही शाम 4 बजे बच्चे को उसके परिवार को सुरक्षित सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि वे मलकौली में अपने रिश्तेदारों के यहां आए थे, और वहीं से बच्चा अचानक गुम हो गया था। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजन भावुक हो उठे।

**फास्ट न्यूज**

### 9 लाख पौधारोपण का लक्ष्य हुआ पूरा

आजमगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस एवं वन महोत्सव, वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के शुभारम्भ अवसर पर प्रधानमंत्री के एक पेड़ मॉ के नाम आह्वान व मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 5 जून को एक दिन में 5 करोड़ वृक्षारोपण लक्ष्य के अन्तर्गत जनपद आजमगढ़ में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में 9 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

### 9 साल पुराने हत्याकांड में महिला दोषी

सुलतानपुर। सुल्तानपुर की एक अदालत ने 9 साल पुराने हत्या के मामले में एक महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी महिला गीता पाण्डेय पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला 5 जून 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 (ADJ-1) की अदालत ने सुनाया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत सुल्तानपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के कारण यह सजा संभव हो पाई।

### जगदीशपुरा पुलिस ने पकडे.4 जुआरी

आगरा। आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन सगे भाई हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 74 हजार नकद और 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। 4 जून को पुलिस टीम इलाके में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बोदला क्षेत्र के चौखे नगर में एक मकान के अंदर कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

# मेरठ में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को टक्कर

### युवक गंभीर घायल, पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ के सदर बाजार क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उसका पैर भी फ्रैक्चर हो गया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना 3 जून की रात को हुई, जब सोतीगंज निवासी मोहम्मद बाबर अपनी स्कूटी से जा रहे थे। सदर सब्जी मंडी स्थित स्टेट बैंक के पास पहुंचने पर एक तेज गति से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाबर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे



के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है और पैर में फ्रैक्चर के कारण उसकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पीड़ित पक्ष ने इस घटना को लेकर कार चालक के खिलाफ सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। इसका उद्देश्य हादसे की पूरी सच्चाई का पता लगाना और जिम्मेदार चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करना है।

# बिजली कटौती पर 'आप' का प्रदर्शन

### गर्मी में 7 घंटे की बिजली कटौती से लोग परेशान, आपूर्ति शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा में बिजली व्यवस्था को लेकर लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के जिन क्षेत्रों में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (DVVNL) बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी संभाल रहा है, वहां उपभोक्ताओं को रोजाना कई घंटों की अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच हो रही लगातार कटौती से आमजन का जीवन प्रभावित हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक तरफ उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ बिजली दरों में हाल ही में की गई 10 प्रतिशत वृद्धि का बोझ भी जनता पर डाला गया है। उनका कहना है कि बढ़े हुए बिलों की वसूली तो की जा रही है, लेकिन बदले में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है।

### रोजाना सात घंटे तक बिजली गुल रहने का आरोप

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि DVVNL क्षेत्र के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग सात घंटे तक बिजली कटौती झेलना पड़ रही है। लगातार हो रही कटौती के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक बिजली न रहने से इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं। बिजली संकट के विरोध में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बोदला स्थित नबी साहब की दरगाह से पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को उठाया और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की।



### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की गई और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। पार्टी ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर उसका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### सरकार और बिजली विभाग पर साधा निशाना

प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने सरकार और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के बजाय उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि लगातार बढ़ती बिजली दरें और अनियमित आपूर्ति लोगों की परेशानियों को और बढ़ा रही हैं।

# प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर का अम्बेडकरनगर दौरा

### श्रवण धाम में पौधारोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। शुक्रवार को जनपद अम्बेडकरनगर पहुंचे प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जिलाधिकारी ईशा प्रिया, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। एक दिवसीय दौरे पर आए मंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रवण धाम में पौधारोपण कर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान की शुरुआत की। पौधारोपण के बाद उन्होंने वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित भविष्य देने का संकल्प है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे



अपने घर, खेत और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। प्रभारी मंत्री अपने दौरे के दौरान वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े अन्य आयोजनों में भी शामिल हुए और जनता को संबोधित किया। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री के कार्यक्रमों के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### दिल्ली अग्निकांड के बाद हरदोई प्रशासन अलर्ट

हरदोई। दिल्ली के एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद उत्तर प्रदेश फायर सर्विस मुख्यालय अलर्ट हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को हरदोई में सुरक्षा व्यवस्थाएं पुख्ता करने के लिए एक बड़ा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) महेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न होटलों और रेस्टोरेंटों में अचानक छापेमारी की गई। अभियान के दौरान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने स्वयं सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण किया। जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन सुरक्षा के इंतजाम अधूरे पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभाग ऐसे होटलों और रेस्टोरेंटों को नोटिस जारी करेगा, ताकि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक अग्निशमन व्यवस्थाएं स्थापित कर सकें। चेकिंग के साथ-साथ, फायर ब्रिगेड की टीम ने स्टाफ को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन में चला वृक्षारोपण अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने किया।

इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा पौधा लगाकर की गई।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं



है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का आधार हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ. तेजबीर सिंह, क्षेत्राधिकारी टाण्डा एवं पुलिस लाइन शुभम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधे लगाए। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। 3पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह माँ के प्रति सम्मान, प्रेम और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माँ जीवन देती है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### भारत ने दशकों...

भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो। यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। भारत सरकार का कहना है कि अभी इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अमेरिका पहले इस प्रस्ताव पर लोगों और संबंधित पक्षों की राय लेगा, उसके बाद ही अंतिम निर्णय करेगा। सबसे बड़ा विवाद कृषि क्षेत्र को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि उसके मक्का, सोयाबीन, बादाम, सेब और दूसरे कृषि उत्पादों को भारत में ज्यादा पहुंच मिले। लेकिन भारत को डर है कि इससे भारत के करोड़ों किसानों पर असर पड़ सकता है। डेयरी सेक्टर भी एक बड़ी बाधा है। अमेरिका भारत में मांसाहारी गायों का दूध और उससे बने प्रोडक्ट बेचना चाहता है, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। कि भारत अपने बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों, डेयरी सामान, शराब, मेडिकल उपकरणों और डिजिटल कंपनियों के लिए और ज्यादा खोले।

### ऋतब्रत बनर्जी ...

हालांकि, इसपर ऋतब्रत बनर्जी ने शुक्रवार को कहा, ₹मैं पिछले सात दिनों से किसी सांसद के संपर्क में नहीं हूं। इसलिए यह नहीं कह सकता कि सांसद क्या करेंगे। 3 जून को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। ये विधायक अभिषेक बनर्जी से नाराज हैं। पार्टी में विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप लगाने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। TMC के विधानसभा में कुल 80 विधायक है। वहीं, संसद में कुल 41 सांसद हैं। इनमें 28 लोकसभा और 13 राज्यसभा सदस्य शामिल हैं। पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने 3 जून को ही राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया था। ममता बनर्जी ने TMC से 2 विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी से निकाल दिया था। दोनों ने स्पीकर से शिकायत की थी कि पार्टी ने शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने वाले प्रस्ताव में उनके उनके फर्जी साइन किए थे। साहा और बनर्जी का आरोप है कि यह शिकायत करने पर ही दोनों TMC से निकाले गए।

### हमने नल लगवाए...

सियासी गलियारे में लोग इस बयान को सपा मुखिया अखिलेश यादव से जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल, टोटी चोरी का मामला 2017 में सपा के यूपी की सत्ता से हटने के बाद सामने आया था। बतौर सीएम अखिलेश को 4-विक्रमादित्य मार्ग पर आवास आवंटित था। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पूर्व CM को आवास खाली करने का आदेश दिया था। अखिलेश ने भी अपना आवास खाली कर दिया। इसके बाद भाजपा के लोगों ने उन पर टोटी चोरी करने का इल्जाम लगाना शुरू कर दिया था। अखिलेश कई बार इन आरोपों का जवाब दे चुके हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमारे ऊपर इल्जाम लगा कि हम टोटी ले गए। मेरे जाने के बाद सीएम आवास को गंगाजल से धुलवाया गया। यह सब आप भूल सकते हो, मैं नहीं। आज सीएम योगी के 54वें जन्मदिन पर महोबा में बुंदेली समाज के लोगों ने अपने खून से 54 बधाई संदेश लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बलिया के एक हलवाई ने 54 किलो का लड्डू बनाया। उसपर लिखा- हैप्पी बर्थडे योगीजी। बांसडीह के रेत कलाकार रूपेश सिंह ने सीएम की तस्वीर रेत पर उकेरी। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर बसपा सुप्रीमो ने सीएम योगी को शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, पर्यावरण दिवस पर यूपी में 5 करोड़ पौधे लगाए गए। योगी ने 5, कालिदास मार्ग पर पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद कुकरैल पहुंचे। औषधि वन की स्थापना की। स्कूली बच्चों को मिठाई बांटी। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिन पर बलिया के हलवाई भूलन गुप्ता (46) ने 54 किलो का लड्डू बनाया। उसपर लिखा- हैप्पी बर्थडे योगीजी। वहीं, बांसडीह के रहने वाले रेत कलाकार रूपेश सिंह ने सीएम को एक अलग अंदाज में बर्थडे विश किया। उन्होंने सीएम योगी की तस्वीर रेत पर उकेरी। इससे पहले भी वह अपनी रेत कलाकृतियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों को प्रदर्शित कर चुके हैं। कोई भी प्लास्टिक वेस्ट किसी सार्वजनिक स्थान पर न फेंकें। जलस्रोत, वाटिका, जंगल, किसी उपवन में न फेंकें। जल संरक्षण का प्रयत्न करें। हमारे घर में बरसात का पानी आता है। उस पानी का एक-एक बूंद संरक्षित करें। जो भी खाली जगह है, वहां एक पौधा रोपें। किसी पेड़ को क्षति न पहुंचाएं और महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 1 पौधा लगाएं। उस पेड़ की रक्षा भी करनी है। हर तरह से उसे बचाना है। पेड़-पौधों को शरारती तत्वों से बचाना है, जीव-जंतुओं से भी बचाना है। जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है। हमने हर घर नल की योजना को आगे बढ़ाया। पता चला कोई टोटी ही चोरी कर रहा है। नल खुला है तो खुला है। कोई टोटी खोल करके जा रहा है तो उसे टोकना है। सीएम योगी ने बताया- वेटलैंड स्कीम के अंतर्गत हमने यूपी में 100 जगहें चिह्नित की हैं। जल संसाधन की दृष्टि से यूपी देश के सर्वोत्तम राज्यों में एक है। सीएम योगी ने कहा- सिंथेटिक केमिकल मौसम को प्रभावित कर रहे हैं। सिंथेटिक केमिकल है और समय के साथ डि-कंपोज न होने के कारण ऐसी चीजें पर्यावरण में गल नहीं रही हैं, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। इससे वर्षा का चक्र ही बदल गया है। अनियमित वर्षा हो रही है। सूखा पड़ रहा है। इस समय देश के किसी समय में सूखा होता है और दूसरे कोने में वर्षा होती है। प्रदेश में एक ओर अतिवृष्टि है दूसरी ओर अनावृष्टि है। ये तमाम संकट हैं। सीएम योगी ने कहा- पहले साल 2017 में वन विभाग की नर्सरी में हमें बहुत मुश्किल से 5 लाख पौधे मिल पाए थे। आज वही वन विभाग अपनी नर्सरी में 50 करोड़ पौधे र साल तैयार करता है। आज हमारे पास लगभग 55 करोड़ पौधे मौजूद रहते हैं। हम लोगों ने लगातार इस संख्या को बढ़ाया है। आज हम 5 करोड़ पौधे प्रदेशभर में लगा रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान आगे बढ़ेगा और अगले महीने एक दिन में बड़ा अभियान चलेगा, जिसमें 35 करोड़ पौधरोपण का कार्यक्रम होगा। सीएम योगी ने कहा- हम लोग आज विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में कुकरैल में पौधरोपण कार्यक्रम के साथ जुड़े। वहां पर कितनी अच्छी वनस्पतियां मौजूद हैं कितने पेड़-पौधे हैं। लखनऊ सिटी के टेंपरेचर में और वहां के टेंपरेचर में तीन से चार डिग्री सेल्सियस का अंतर है। जिस समय लखनऊ में टेंपरेचर 45C होगा, उस समय कुकरैल में टेंपरेचर 40C होगा। कितना शानदार वातावरण है। इस प्रकृति की गोद में जो कुछ भी आगे बढ़ेगा, वह आरोग्यता के लिए होगा। हर व्यक्ति के लिए हर जीवजंतु के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होगा। उसी भाव के साथ आज विश्व पर्यावरण कार्यक्रम के कार्यक्रम से हम सब जुड़ रहे हैं।

### इंदौर में शोरूम में ...

चीख-पुकार सुनकर पड़ोस की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में रहने वाले लोग बाहर आए। उन्होंने सीढ़ियों और रस्सियों का इंतजाम किया। आग में फंसे लोगों को छत पर आने के लिए कहा। लोगों ने दोनों छतों के बीच सीढ़ियां जोड़कर रास्ता बनाया। खिड़कियों और एंगल से रस्सियां बांधकर दूसरी तरफ फेंकी। आग में फंसे कुछ लोग इन सीढ़ियों से दूसरी बिल्डिंग की छत पर पहुंचे। कुछ लोग रस्सियों के सहारे नीचे उतरे। राहत की बात यह रही कि आग किसी भी फ्लैट तक नहीं पहुंची, जिससे घरेलू सामान सुरक्षित बच गया। हालांकि, शोरूम में रखे सभी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन जल गए। फायर ब्रिगेड अधिकारी शोभाराम मालवीय ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। करीब एक घंटे में दो टैंकर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मामले की जांच कर रहे हैं।

# लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन 16 विकेट गिरे

## इंग्लैंड पहली पारी में 140 पर ऑलआउट, न्यूजीलैंड 61/6, रॉबिन्सन को 4 विकेट

**मुकाबला**





**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के इंग्लैंड दौरे का पहला टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। पहले दिन गेंदबाज हावी रहे। यहां गुरुवार को कुल 16 विकेट गिरे। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड पहली पारी में 140 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड ने स्टंप्स तक 61 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। ग्लेन फिलिप्स 31 और नाथन स्मिथ 6 रन पर नाबाद रहे। इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने 4 विकेट लिए। गस एटकिंसन और जोश टंग को एक-एक विकेट मिला। मैच के दौरान बारिश और खराब रोशनी ने भी खेल में बाधा डाली। दोपहर में बारिश के कारण लगभग दो घंटे का खेल रुका, जबकि खराब रोशनी की वजह से चाय और दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा। इंग्लैंड की आखिरी जोड़ी जोश टंग और शोएब बशीर ने 22 रन जोड़कर टीम को 140 रन तक पहुंचाया। दिन के अंत तक यह साझेदारी इंग्लैंड के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होती दिख रही है।

### रॉबिन्सन ने पहले ओवर में ही 3 विकेट लिए

रॉबिन्सन ने पहले ओवर में तीन विकेट झटके। उन्होंने तीसरी, 5वीं और छठी गेंद पर विकेट लिए। उन्होंने डेवोन कॉन्वे (एक रन), केन विलियमसन (3 रन) और रचिन रवींद्र (जीरो) को जल्दी आउट किया।

इसके बाद गस एटकिंसन ने कप्तान टॉम लैथम को 3 रन पर आउट कर न्यूजीलैंड का स्कोर 12/4 कर दिया। रॉबिन्सन ने डेरिल मिचेल को भी पवेलियन भेजा, जबकि जोश टंग ने टॉम ब्लंडेल का विकेट लिया। न्यूजीलैंड के टॉप-5 बैटर्स सिर्फ 16 रन बना सके। इनमें से दो खाता भी नहीं खोल सके।



डेवोन कॉन्वे का विकेट सेलिब्रेट करते ओली रॉबिन्सन।

### पहले इंग्लैंड की बल्लेबाजी भी लड़खड़ाई

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बादलों से घिरे मौसम और तेज गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों का कीवी गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। फरवरी 2024 के बाद टेस्ट खेलने उतरे काइल जैमीसन ने 62 रन देकर 5 विकेट लिए और इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। नाथन स्मिथ ने 3 और विल ओ'रूर्के ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 35वें जन्मदिन पर उपयोगी पारी खेली, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं बना सके।

# फ्रेंच ओपन-विमेंस फाइनल में पोलैंड की माया-रूस की मीरा

## दोनों पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पोलैंड की माया ख्वालिंस्का और रूस की मीरा एंड्रीवा फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। शनिवार को दोनों के बीच खिताबी मुकाबला होगा। महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में माया ख्वालिंस्का ने 25वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इस जीत के साथ 24 साल की माया फ्रेंच ओपन के इतिहास में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर बन गई हैं। उन्होंने क्वालिफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ तक लगातार 9 मैच जीते हैं और पूरे अभियान में सिर्फ एक सेट गंवाया है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा ने मार्ता कोस्ट्युक को 6-1, 6-3 से हराया। एंड्रीवा के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल होगा। मैच जीतने के बाद माया कोर्ट पर बैठ गईं और अपनी कुर्सी पर जाकर तौलिए में मुंह



छिपाकर रोने लगीं। ग्रैंड स्लैम इतिहास में वे फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी क्वालिफायर हैं। उनसे पहले 2021 में एमा रादुकानु ने US ओपन में क्वालिफायर के तौर पर फाइनल में पहुंचकर खिताब जीता था।

ऐतिहासिक जीत के बाद जब माया ख्वालिंस्का से उनकी फीलिंग्स के बारे में पूछा गया, तो वे कुछ देर शून्य में देखती रहीं। उन्होंने कहा,'यह ईमानदारी से एक सपने जैसा है। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है और मैं क्या कहूं। कोई यह दिखावा न करे कि उसे इसकी उम्मीद थी।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी वनडे सीरीज जीती

## लाहौर में 4 विकेट से हराया, बाबर आजम ने बनाए सबसे ज्यादा 40 रन

नई दिल्ली। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीसरी वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 ओवर में 157 रन पर सिमट गई थी। जवाब में पाकिस्तान ने 41.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 158 रन का टारगेट हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। शादाब खान ने नाबाद 29 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुहनेमैन ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। बारिश के कारण मैच 15 मिनट देरी से शुरू हुआ था।

पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टर्निंग ट्रैक का पूरा फायदा उठाया। शाहीन



शाह अफरीदी सबसे सफल रहे। उन्होंने अपने दूसरे स्पेल की शुरुआती तीन गेंदों में जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन को पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। शाहीन ने 3 विकेट लिए।

अबरार अहमद ने मैथ्यू रेनशॉ और कूपर कॉनोली को आउट कर 2 विकेट लिए। पांच मैचों से विकेट के लिए तरस रहे शादाब खान ने भी लय हासिल की और 2 विकेट चटकाए। उन्होंने ओली पीक और एडम जम्पा को आउट किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 38 रनों पर खोए 7 विकेट

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मैच की दूसरी गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट बिना खाता खोले शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। इसके बाद कप्तान जोश इंगलिस ने 71 गेंदों में 65 रन की तेज पारी खेलकर पारी संभाली।

इंगलिस ने एलेक्स कैरी (19 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 3 विकेट पर 119 रन था और टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। लेकिन हैरिस रऊफ ने कैरी को बोल्ड कर साझेदारी तोड़ दी।

## सूर्यकुमार यादव को हटाया, तिलक उपकप्तान, वैभव सूर्यवंशी को पहली बार मौका मिलेगा

# दावा : श्रेयस अय्यर भारत के टी-20 कप्तान बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर भारत के नए टी-20 कप्तान बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटा दिया गया है। वहीं बैटर तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाए जाने की संभावना है। भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए किया जाएगा।

IPL 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया जाएगा। 6 जून को होने वाली सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में अय्यर भी शामिल हो सकते हैं।

श्रेयस ने भारत के लिए अपना आखिरी टी-20 मैच दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेला था। टीम कॉम्बिनेशन के चलते वे टीम से बाहर थे। इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया था, लेकिन वर्ल्ड कप की तैयारियों के कारण उन्हें प्लेइंग-11 में मौका नहीं मिला। अब लगभग ढाई साल बाद उनकी नेशनल टीम में वापसी हो रही है।



सूर्यकुमार ने 113 मैचों में 3272 रन बनाए हैं। उनका औसत 36.35 और स्ट्राइक रेट 162.94 रहा है। सूर्यकुमार के नाम 4 शतक और 25 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका बेस्ट स्कोर 117 रन है। सूर्या ने 297 चौके, 179 छक्के और 58 कैच भी लिए हैं।

सूर्या की कप्तानी में भारत ने 52 टी-20 मैच खेले। इसमें 42 जीते , 8 हार और दो मैच नो रिजल्ट रहा। उनका जीत प्रतिशत 80.76% है। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप, 2025 एशिया कप अपने नाम किया था।

### 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका

बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। वे 1980 के दशक के अंत में सचिन तेंदुलकर के सिलेक्शन के बाद से भारतीय मेंस टीम में चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनेंगे।

वैभव ने IPL 2026 में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए हैं। सीनियर दौरे से पहले वे 9 से 21 जून तक श्रीलंका में अफगानिस्तान के साथ होने वाली ट्राई-सीरीज में इंडिया-ए के लिए खेलेंगे।

### आईपीएल में इस सीजन 498 रन बनाए

श्रेयस ने पंजाब किंग्स (PBKS) के लिए हाल ही में खत्म हुए IPL 2026 में 168.81 के स्ट्राइक रेट से 498 रन बनाए। वे साल 2025 में भी पंजाब किंग्स को फाइनल तक ले जा चुके हैं, जहां उन्होंने 604 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को खिताब जिताया था और 2020 में दिल्ली कैपिटल्स (DC) को फाइनल में पहुंचाया था।

> सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने इसी साल 8 मार्च को टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। इस जीत के साथ भारत अपने टाइटल को डिफेंड करने और लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने वाला दुनिया का पहला देश बना।

**मनोरंजन**

## प्रोड्यूसर ने पेमेंट रोककर 16 लाख का जुर्माना लगाया, रुबीना दिलैक बोलीं- मजबूरी में घर-गाड़ी बेची

# ब्रेकअप के बाद सुसाइड के ख्याल आए : रुबीना दिलैक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पहले शॉट में 17 रीटेक, डायरेक्टर की फटकार और शिमला लौट जाने के ताने से रुबीना दिलैक ने करियर की शुरुआत में अपमान और संघर्ष झेले। बाद में एक प्रोड्यूसर की कथित धोखाधड़ी से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ और घर-कार बेचनी पड़ी। ब्रेकअप हुआ तो डिप्रेशन में चली गईं। सुसाइड तक के ख्याल आए। मुश्किलों का सामना करते हुए रुबीना ने खुद को संभाला। आज वह टीवी की लोकप्रिय एक्ट्रेस में शुमार हैं और बिग बॉस 14 जीतने के बाद खतरों के खिलाड़ी 15 तक पहुंची हैं। प्रोड्यूसर ने उन पर काम में देरी और गैर-पेशेवर होने का आरोप लगाकर 16 लाख का जुर्माना लगाया था और उनकी पेमेंट भी रोक ली थी। इस नुकसान की भरपाई के लिए रुबीना को घर और गाड़ियां बेचनी पड़ीं। 'बॉलीवुड बबल' को दिए एक इंटरव्यू में रुबीना ने बताया था, 'यह 2011 की बात है। मैंने करीब 9 महीने तक काम किया, लेकिन मुझे मेरी पेमेंट रोक दी गई। मैंने कई बार प्रोडक्शन हाउस और डायरेक्टर को फोन किया। उनके ऑफिस के चक्कर लगाए और उनसे गुजारिश की कि मेरा भुगतान कर दिया जाए। करीब नौ महीने बाद उन्हें एक रिकॉर्ड दिखाया गया, जिसमें शूटिंग में देरी और उससे हुए नुकसान का हिसाब था।

> रुबीना कहती हैं- मैं कंजरवेटिव माहौल से आती हूं। उस समय इस इंडस्ट्री को बहुत अच्छी नजर से नहीं देखा जाता था। जब मैं पहली बार मुंबई आई तो मेरे अंदर बहुत डर था। पढ़ाई, करियर और नए शहर में खुद को स्थापित करना, हर चीज डराती थी। हर डर को पार करने की कोशिश ने मुझे मजबूत बनाया।

### पढ़ाई के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रहीं

रुबीना दिलैक ने शुरुआती पढ़ाई शिमला पब्लिक स्कूल और सेंट बेड्स कॉलेज से की। उनके पिता लेखक हैं और हिंदी में कई किताबें लिख चुके हैं। स्कूल और कॉलेज के दिनों में रुबीना पढ़ाई के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रहीं। वह राष्ट्रीय स्तर की डिबेट चैंपियन रह चुकी हैं। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में ग्रेजुएशन किया। इसमें राजनीति विज्ञान भी उनका विषय था। एक्टिंग में आने से पहले उन्होंने कई ब्यूटी कॉन्टैस्ट में हिस्सा लिया। 2006 में उन्हें 'मिस शिमला' और 2008 में 'मिस नॉर्थ इंडिया' का खिताब मिला।

### आईएएस बनने का सपना था, ऑडिशन ने बदल दी जिंदगी

रुबीना दिलैक का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में जाने का था और वह इसकी तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान चंडीगढ़ में एक ऑडिशन के लिए उनका सिलेक्शन हुआ, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। उन्होंने 2008 में जी टीवी के शो 'छोटी बहू' से अभिनय की शुरुआत की। जब रुबीना ने एक्टिंग में जाने का फैसला किया, तो उनके पिता ने काफी समय तक उनसे बात करना बंद कर दिया था। परिवार को एंटरटेनमेंट वर्ल्ड का माहौल सुरक्षित नहीं लगता था। 'मिस शिमला' और 'मिस नॉर्थ इंडिया' का खिताब जीतने के बाद पिता का नजरिया बदला और उन्होंने रुबीना को अपनी राह चुनने की इजाजत दी।

### डायरेक्टर से सुननी पड़ी थी गाली

'छोटी बहू' की शूटिंग के दौरान रुबीना अपमानित भी हुई थीं। वे बताती हैं कि पहले शॉट में मैंने 17 रीटेक दिए थे। यह देख डायरेक्टर नाराज हो गए और गाली देते हुए कहा था- 'ये सेब की पेटी कहां से ले आए, इसे वापस भेजो।' करियर के शुरुआती दिनों में रुबीना के लुक को लेकर भी उनकी बेइज्जती की जाती थी।



**रुबीना के चर्चित टीवी और रियल्टी शो**



बिग बॉस 14



द वार्ड



छोटी बहू



पुनर्विवाह- एक नई उम्मीद



शक्ति: अस्तित्व के एहसास की



देवों के देव... महादेव



जीनी और जूजू



पति पत्नी और पंगा



खतरों के खिलाड़ी 12



झलक दिखला जा 10



## 5 जुलाई को गर्लफ्रेंड गौरी से करेंगे शादी, 2025 में रिलेशनशिप पब्लिक किया था

# आमिर खान ने तीसरी शादी की खबर को कन्फर्म किया

नई दिल्ली। आमिर खान ने गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ शादी की खबर को गुरुवार को कन्फर्म कर दिया। आमिर की यह तीसरी शादी होगी। वैरायटी इंडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं इस समय अमेरिका में हूं। शादी की खबर सही है। हमारी शादी 5 जुलाई को होगी।'

कुछ महीने पहले आमिर ने कहा था कि शादी उनकी प्राथमिकता नहीं है और वह गौरी के साथ ऐसे ही खुश हैं, लेकिन अब उनका कहना है कि समय के साथ दोनों की भावनाएं बदल गई हैं। आमिर ने कहा, 'अब हम दोनों को लगता है कि अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने का समय आ गया है।'

उन्होंने आगे कहा, 'गौरी और मैं एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। हम एक मजबूत रिश्ते में हैं। मेरे दिल में तो मैं खुद को पहले से ही



उनका पति मानता हूं। अब इस रिश्ते को शादी का नाम देना हमारे साथ की एक स्वाभाविक अगली शुरुआत है।'आमिर ने पहली शादी साल 1986 में फिल्म प्रोड्यूसर रीना दत्ता से की थी। साल 2002 में रीना से अलग होने के बाद आमिर ने साल 2005 में डायरेक्टर किरण राव से दूसरी शादी की थी। साल 2021 में किरण और आमिर का तलाक हो गया था। आमिर ने साल 2025 में अपने 60वें जन्मदिन पर गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। गौरी बेंगलुरु की रहने वाली एक सैलून आंत्रप्रेन्योर और फैशन प्रोफेशनल हैं। उनके पिता तमिल-ब्रिटिश मूल के और मां पंजाबी-आयरिश मूल की हैं। गौरी 1920 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ब्रिटिश कम्युनिस्ट फिलिप स्प्रैट की पोती हैं। आमिर की तरह गौरी भी पहले शादीशुदा रही हैं और उनका एक 7 साल का बच्चा है। गौरी और उनका बच्चा पिछले दो साल से मुंबई में साथ रह रहे हैं।

आमिर और गौरी एक-दूसरे को पिछले 25 सालों से जानते हैं। दोनों पहले काफी अच्छे दोस्त थे, जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। जब से आमिर और गौरी ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया है, तब से गौरी को अक्सर आमिर के साथ अलग-अलग इवेंट्स और मौकों पर साथ देखा जाता है।

## रोजमर्रा के किस्सों से फिर खनखनाई 'गुल्लक'

# फैमिली ड्रामा में दीपिका पादुकोन का मुद्दा

मुंबई। तुम मम्मी थोड़ी हो, जो बिना पेमेंट मजदूरी करोगे... और बॉस के चरणों में सूरज से ज्यादा विटामिन डी होता है.. जैसे डायलॉग बताते हैं कि 'गुल्लक' के पांचवें सीजन में एक आम आदमी के मन में आने वाली बातों को कितनी सहजता और मनोरंजक तरीके से दिखाया गया है। डिजिटल प्लेटफार्म पर ऐसी बहुत गिनी-चुनी कहानियां हैं, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर बेझिझक देखा जा सकता है। साल 2019 में प्रदर्शित वेब सीरीज गुल्लक भी उन्हीं में है। जिसके पिछले चार सीजन खूब पसंद किया। एक आम मध्यवर्गीय वेतनभोगी परिवार की कहानी को पांचवें सीजन में भी उसी लय में आगे बढ़ाया गया है। हालांकि, पिछले चारों सीजन को पांच-पांच एपिसोड में खत्म किया गया था, जबकि पांचवा सीजन सात एपिसोड का है। पिछले चार सीजन की तरह इस सीजन भी मिश्रा परिवार का घर मिश्रा निवास कहानी में पात्र की तरह है। हानी की शुरुआत घर की रंगाई पुताई से होती है। संतोष मिश्रा (जमील खान) घर को फिर से चमकाने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन रंग ऐसा कि हर किसी को यकीन दिलाना पड़ रहा है कि उन्होंने घई की रंगाई कराई है। उनका बड़ा बेटा आनंद यानी अन्नू (अनंत जोशी) नौकरी, परिवार और दिल के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में लगा है।



> इस बार कहानी में पिंकी मामा (गोपाल दत्त) की नई एंट्री है। पिछले चार सीजन में अन्नू की भूमिका निभाने वाले अभिनेता वैभव राज गुप्ता की जगह इस बार अनंत जोशी ने यह भूमिका निभाई है। हालांकि, अनंत ने ऐसा कहीं महसूस नहीं होने दिया कि वह गुल्लक की टीम में नए हैं। लहजा हो या बोलचाल की शैली या भाई-भाई की बीच मीठी नोंक-झोक वह स्वाभाविक अन्नू लगे हैं।

### इस पांचवी जनरेशन फाइटर जेट की तकनीक भी शेयर करेंगे, अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार

# पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया

**विचार**

**सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई SU-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है। पुतिन ने गुरुवार को सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 4 जून को सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान।

इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। पुतिन ने कहा-यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने भारत

**पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि वर कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा।**

को 2018 के आसपास सुखोई प्रोजेक्ट में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया था, उस समय भारत ने SU-57 प्रोजेक्ट में रुचि दिखाई थी, लेकिन भारतीय वायुसेना का मानना था कि यह विमान उसकी सभी जरूरतों को पूरा नहीं करता।

### पुतिन बोले- एसयू-57 दुनिया का सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक

पुतिन ने सुखोई SU-57 की तारीफ करते हुए कहा कि यह पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं। सुखोई SU-57 हवा, जमीन और समुद्री लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। दुनिया में कुछ ही पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं जिनमें SU-5 के साथ चीन का J-35 और अमेरिका के F-35 शामिल हैं।



पुतिन ने गुरुवार को PTI समेत दुनिया की प्रमुख न्यूज एजेंसियों के हेड से बातचीत की।

### पुतिन बोले- रूस, भारत-चीन के रिश्तों में दखल नहीं देगा

पुतिन ने कहा है कि भारत और चीन के रिश्ते बेहद संवेदनशील और जटिल हैं, इसलिए रूस उनमें दखल नहीं देना चाहता। उन्होंने भरोसा जताया कि मोदी और जिनपिंग बातचीत के जरिए सीमा विवाद समेत सभी अहम मुद्दों का समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा,

भारत और चीन के साथ रूस के रिश्ते अलग-अलग और स्वतंत्र हैं। भारत के साथ रूस की दोस्ती से चीन को कोई परेशानी नहीं होती और चीन के साथ रूस के करीबी संबंधों से भारत के साथ उसके रिश्तों पर भी कोई असर नहीं पड़ता।

## अल नीनो की दस्तक से बढ़ी चिंता प्रशांत महासागर का तापमान बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रशांत महासागर में तेजी से बढ़ते तापमान के कारण अल नीनो ने दस्तक दे दी है। मई महीने में समुद्र का तापमान अल नीनो की निर्धारित 0.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर चुका है। यूरोपीय मौसम एजेंसी के लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, इसके प्रभाव से वैश्विक वायुमंडलीय परिस्थितियों में बड़े बदलाव की आशंका है, जिसका आने वाले महीनों में भारतीय मानसून सहित दुनिया भर के मौसम पर गहरा असर पड़ सकता है।

यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट प्रशांत महासागर की स्थिति पर किसी प्रमुख वैश्विक मौसम एजेंसी का जून महीने का पहला अपडेट है। पिछले महीने ही अधिकांश एजेंसियों ने चेतावनी दी थी कि अल नीनो आने की कगार पर है। वहीं, अमेरिकी सरकारी संस्थानों ने मई से जुलाई की अवधि के बीच इसके बनने की 82% संभावना



जताई थी।

अनुभवी मौसम विज्ञानी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन ने बताया कि ECMWF के नवीनतम चार्ट से पता चलता है कि 0.5 डिग्री की सीमा पार हो गई है।

आधिकारिक तौर पर, अल नीनो की घोषणा तभी की जाती है जब ये बदलाव कम से कम तीन महीने तक लगातार बने रहते हैं। अल नीनो से जुड़े वायुमंडलीय बदलाव अब पहले से ही देखे जा रहे हैं और इसका असर भी महसूस किया जाने लगा है। ECMWF का यह अपडेट उसी दिन आया है, जब मानसून अपने सामान्य समय से तीन दिन की देरी के बाद केरल पहुंचा।

**फास्ट न्यूज**

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

नई दिल्ली। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर गुरुवार को लुफ्थांसा एयरलाइंस के एक विमान के साथ बड़ा हादसा हो गया। उड़ान भरने की तैयारी के दौरान विमान का नोज गियर (सामने का पहिया) अचानक ढह गया, जिससे कई ग्राउंड स्टाफ और क्रू सदस्य घायल हो गए। लुफ्थांसा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि घटना के समय यात्रियों की बोर्डिंग अभी शुरू नहीं हुई थी। विमान में केवल क्रू सदस्य और ग्राउंड स्टाफ मौजूद थे।

### सेंसेक्स 116 अंक गिरकर 74,243 पर बंद

मुंबई। आज यानी शुक्रवार, 5 जून को सेंसेक्स 116 अंक की गिरावट के साथ 74,243 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 50 अंक की गिरावट रही, ये 23,366 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। सेबी के धोखाधड़ी के आरोपों के बाद आज लगातार दूसरे दिन रोजेश एक्सपोर्ट का शेयर 5% के लोअर सर्किट पर बंद हुआ। ये गिरकर 98.73 रुपए पर आ गया है। बीते 6 महीने में ये शेयर करीब 50% टूटा है।

### चांदी एक दिन में 6,138, सोना 1,896 सस्ता

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में 5 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी 6,138 रुपए घटकर 2.55 लाख रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 2.61 लाख रुपए पर थी।वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,896 रुपए घटकर 1.54 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 4 जून को यह 1.66 लाख पर था।

## रिजर्व बैंक ने इस साल महंगाई बढ़ने का अंदेशा जताया

### जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9% से घटाकर 6.6%

**मुंबई, एजेंसी**

रिजर्व बैंक ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और EMI नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया है। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 5 जून को इसकी जानकारी दी। ग्रोथ का अनुमान घटायाः वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते RBI ने आर्थिक विकास दर यानी GDP ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष-27 के लिए GDP ग्रोथ अनुमान को 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया गया है।

स्टांस 'न्यूट्रल' रखाः महंगाई के बढ़ते जोखिमों के बावजूद मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी नीति का रुख 'न्यूट्रल' (तटस्थ) बनाए रखने



का फैसला किया है। कमेटी स्थिति पर नजर रखते हुए डेटा के आधार पर आगे कदम उठाएगी।

महंगाई को लेकर चिंताः गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि हालांकि रिटेल महंगाई अभी टारगेट के दायरे में है, लेकिन वैश्विक तनाव के कारण फ्यूल (ईंधन) और एनर्जी की बढ़ती कीमतें आगे चलकर खुदरा बाजार और आम जनता की जेब पर दबाव डाल सकती हैं। कमजोर मानसून का डरः पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर भी चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार और ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है।

### अब हम टैरिफ से खूब कमा रहे, फिर भी डील करेंगे क्योंकि मुझे मोदी पसंद

# भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया : ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवालों का जवाब देते हुए।

**भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो। यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।**

भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके। भारत चाहता है कि अमेरिका भारतीय वस्त्र, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, इंजीनियरिंग सामान, दवाइयों और कृषि उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ कम करे। वहीं अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों, डेयरी सामान, शराब, मेडिकल उपकरणों और डिजिटल कंपनियों के लिए और ज्यादा खोले।

### अमेरिका अतिरिक्त शुल्क लगाने की तैयारी में

समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं।

इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5% अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो सकते हैं और निर्यातकों पर असर पड़ सकता है।

भारत सरकार का कहना है कि अभी इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अमेरिका पहले इस प्रस्ताव पर लोगों और संबंधित पक्षों की राय लेगा, उसके बाद ही अंतिम निर्णय करेगा।

### भारत-अमेरिका में ट्रेड डील का खाका तैयार

भारत-अमेरिका में फरवरी 2026 में एक अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बनी थी। इसका मकसद लंबे समय से अटके व्यापारिक मुद्दों को सुलझाना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ टैरिफ को अवैध बता दिया। इसके बाद साफ नहीं हो रहा था कि कौन से टैरिफ लागू रहेंगे, कौन से नहीं। इसका असर अमेरिका-भारत के व्यापार समझौते पर पड़ा। अब तक अंतरिम व्यापार समझौता फाइनल नहीं हो पाया है।

### डील हुई तो मुलाकात संभव, यूरेनियम लेने सेना भेजने वाले थे, लेकिन इसमें जोखिम

# ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगा : ट्रम्प

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा,मैं सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा। अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा।

इसके अलावा, ट्रम्प ने बताया कि




उनकी सरकार ने ईरान से संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम हासिल करने के लिए सैनिक भेजने पर विचार किया था, लेकिन यह योजना अंत में खारिज कर दी गई।

ट्रम्प के मुताबिक, यह ऑपरेशन बहुत ज्यादा जोखिम भरा था और इसमें अमेरिकी सैनिकों की जान जाने की आशंका थी। इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया गया।

कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमलाः कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराने से जोरदार धमाका हुआ, जिससे टर्मिनल-1 को नुकसान पहुंचा। इस हादसे में 1 भारतीय नागरिक की मौत हो गई और 63 लोग घायल हुए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है।



### दक्षिणी लेबनान में इजराइल के ताजा हमले, 4 की मौत

दक्षिणी लेबनान में इजराइल ने शुक्रवार तड़के कई हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी NNA के मुताबिक, इजराइली लड़ाकू विमानों ने रिहायशी इमारतों, सड़कों और कई कस्बों को निशाना बनाया गया। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब हाल ही में अमेरिका की मध्यस्थता में इजराइल और लेबनान युद्धविराम लागू करने पर सहमत हुए हैं। इसके बावजूद दक्षिणी लेबनान में सैन्य कार्रवाई और हवाई हमले लगातार जारी हैं।

### यूएई ने वेस्ट बैंक में इजराइली कब्जे की निंदा की

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों के विस्तार, फिलिस्तीनियों को जबरन हटाने और अल-अक्सा मस्जिद में इजराइली बसने वालों की घुसपैठ की कड़ी निंदा की है।

न्यूयॉर्क स्थित UN मुख्यालय में UAE ने कहा कि ये कदम अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं। पूर्वी यरुशलम समेत कब्जे वाले फिलिस्तीनी इलाकों की ऐतिहासिक, कानूनी और जनसंख्या संरचना बदलने की कोशिश की जा रही है।

## वर्ल्ड बैंक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने इकोनॉमिस्ट नीलकंठ मिश्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इकोनॉमिस्ट और मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट नीलकंठ मिश्रा को वर्ल्ड बैंक में भारत का नया एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी है। वे वॉशिंगटन स्थित वर्ल्ड बैंक के हेडक्वार्टर में 3 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मिश्रा मौजूदा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर परमेश्वरन अय्यर की जगह लेंगे। जब तक नीलकंठ मिश्रा अपना पद नहीं संभाल लेते, तब तक अय्यर का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में नीलकंठ मिश्रा वर्ल्ड बैंक के बोर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बोर्ड वर्ल्ड बैंक के लोन ऑपरेशंस, डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, फाइनेंशियल पॉलिसी और गवर्नेंस से जुड़े फैसलों की निगरानी करता है। भारत के लिए इस पद को इकोनॉमिक डिप्लोमेसी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए ग्लोबल डेवलपमेंट फाइनेंसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट



**3 साल का कार्यकाल होगा, परमेश्वरन अय्यर की जगह लेंगे**

और इकोनॉमिक ग्रोथ जैसे मुद्दों पर होने वाली चर्चाओं में मदद मिलती है। उनकी यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में अपनी मजबूत आवाज और ग्लोबल डेवलपमेंट एजेंडे को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। कॉर्पोरेट सेक्टर में बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के साथ-साथ मिश्रा पब्लिक पॉलिसी और सरकारी समितियों में भी काफी एक्टिव रहे हैं। वे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) के पार्ट-टाइम सदस्य हैं, जो आर्थिक और नीतिगत मामलों पर सीधे सरकार को सलाह देती है।

**चर्चा :** रंगे हाथों पकड़े जाने पर बोला- पुलिस को मत बुलाओ, इन विजिलेंटों ने खुद को ब्रिटिश पैट्रियट्स बताया

# ब्रिटेनः 14 साल की बच्ची को जाल में फंसा रहा था भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूनाइटेड किंगडम में एक भारतीय नागरिक को नाबालिग लड़की को सेक्सुअल ग्रूमिंग के लिए अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा में आया। वीडियो में स्थानीय विजिलेंटों द्वारा 27 वर्षीय प्रावना भट्ट का सामना करते हुए देखा जा सकता है। इन विजिलेंटों ने खुद को ब्रिटिश पैट्रियट्स बताया है।

वायरल क्लिप में भट्ट रोते-गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगता नजर आ रहा है। उससे उन ऑनलाइन बातचीत के बारे में पूछताछ की जा रही थी, जो



उसने उन प्रोफाइल्स के साथ की थीं जिन्हें वह नाबालिग मान रहा था। हालांकि, समाचार चैनल एनडीटीवी के अनुसार, इस बात की पुष्टि नहीं हो सका है कि इस भारतीय व्यक्ति को फंसाने के लिए किसी डेकॉय प्रोफाइल का इस्तेमाल किया गया था या उसने वास्तव में किसी नाबालिग लड़की को ग्रूम करने की कोशिश की थी। पूछताछ के दौरान उसने माना कि लड़की की उम्र 14 साल होने की जानकारी होने के बावजूद उसने उसे यौन रूप से स्पष्ट मैसेज भेजे थे। एक चैट में जब उसे लड़की की असली उम्र का पता चला, तो उसने हंसने वाले इमोजी के साथ लिखा था कि मैं जेल जाऊंगा।

**वीडियो में प्रावना भट्ट ने स्वीकार किया कि वह तीन साल पहले स्टूडेंट वीजा पर ब्रिटेन आया था। यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह वर्तमान में पोस्ट-स्टडी वीजा पर वहां रह रहा था।**

### पुलिस को न बुलाने की लगाई गुहार

यह जानने के बावजूद कि वह एक गंभीर अपराध कर रहा है, भट्ट ने स्वीकार किया कि उसने लड़की को आपत्ति-जनक मैसेज भेजना जारी रखा। उसने लड़की को चुपके से अपने कमरे में बुलाने की कोशिश की और खुद को मास्टरबेट करते हुए एक वीडियो भी भेजा। इसके अलावा, भट्ट ने लड़की से पैसे उधार लेने की भी कोशिश की और उससे दोनों के लिए एक होटल में कमरा बुक करने के लिए कहा। ऐसा प्रतीत होता है कि वह उसी लड़की से मिलने का इंतजार कर रहा था, जब विजिलेंट ग्रुप ने उसे दबोच लिया। पकड़े जाने के बाद भारतीय नागरिक ने अपनी गलती स्वीकार की और माफी की भीख मांगने लगा। उसने कथित ब्रिटिश देशभक्तों से कहा कि मैंने ऐसा पहली बार किया है, और यह आखिरी बार होगा। कृपया मुझे एक आखिरी मौका दें। मुझे वाकई बहुत खेद है। उसने रोते हुए विजिलेंटों से पुलिस को न बुलाने की गुहार भी लगाई।

### ब्रिटेन में पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले

ब्रिटेन में नाबालिग लड़कियों के ऑनलाइन ग्रूमिंग के आरोपों में किसी भारतीय नागरिक के पकड़े जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले जनवरी में, कोवेंट्री शहर में गुरीत जीतेश नामक एक अन्य भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी का वीडियो भी वायरल हुआ था।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ा तनाव

### जबरन घुसपैठ के आरोपों से रिश्तों में कड़वाहट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। बांग्लादेश ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटों में भारत द्वारा अपने नागरिकों को जबरन बांग्लादेश की सीमा में धकेलने के कम से कम 10 प्रयासों को विफल कर दिया है। चार हजार किलोमीटर से अधिक लंबी और जटिल भौगोलिक परिस्थितियों वाली इस अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुस्तैदी बढ़ाते हुए 'बार्डर गार्ड बांग्लादेश' (बीजीबी) ने कहा है कि किसी भी अवैध घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसने दावा किया कि हाल ही में झिनाइदाह जिले में भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा 30-35 लोगों को वैन में लाकर सीमा पार कराने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।



राजनीतिक उथल-पुथल और राजनयिक गतिरोध 2024 में भारत-समर्थक नेता शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की कोशिशें चल रही थीं, लेकिन इस घटना ने उन पर पानी फेर दिया है। भारत के सीमावर्ती राज्यों (त्रिपुरा, बंगाल और असम) में सत्तारूढ़ भाजपा ने घुसपैठियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। हालांकि, ढाका का कहना है कि किसी भी नागरिक की वापसी उचित कानूनी और राजनयिक प्रक्रियाओं के जरिये होनी चाहिए, न कि जबरन।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म० न० 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ०प्र०) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो०- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676